11 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 18, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 23










# पीएम मोदी के दौरे ने भाजपा को दिया बूस्टर डोज

## चंदनक्यारी-गुमला में बोले, झारखंड को 10 साल में तीन लाख करोड़ दिये, राज्य का विकास हमारी प्रतिबद्धता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बोकारो/गुमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दूसरी बार झारखंड आये। यहां उन्होंने पहले चंदनक्यारी और गुमला में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। फिर रांची में साढ़े तीन किलोमीटर लंबा रोड शो किया। एक सप्ताह के भीतर प्रधानमंत्री मोदी की दूसरी यात्रा ने झारखंड के प्रति उनके लगाव को एक बार फिर साबित कर दिया है। रांची के रातू रोड में रोड शो में उनके साथ रांची, हटिया, खिजरी और कांके के प्रत्याशी भी थे। करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबा रोड शो शाम सवा पांच बजे शुरू हुआ और साढ़े छह बजे संपन्न हुआ।

इससे पहले चंदनक्यारी और गुमला में सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद जैसे दल ओबीसी, एसटी और एससी के लोगों को अलग-अलग जातियों में बांटना चाहते हैं। लोगों की एकता को तोड़ना चाहते हैं। पीएम मोदी ने जातियों में बांटने की साजिश से लोगों को सावधान करते हुए 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का नारा दिया।

**हर गड़बड़ी का हिसाब होगा :** मोदी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्ट सरकार चल रही है। यहां सांसद और मंत्री के घरों से नोटों के पहाड़ मिलते हैं। पेपर लीक और भर्ती माफिया पैदा हो गये हैं। इन लोगों ने यहां के युवाओं का भविष्य चौपट कर दिया है। युवा निराश और हताश हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद हर गड़बड़ी का हिसाब होगा। भ्रष्ट लोगों और माफिया को हम नहीं छोड़ेंगे। सभी को जेल में डालकर सजा दिलायेंगे।

(देखें पेज 10,12 और 17 भी)

### झारखंड को दिये तीन लाख करोड़

पीएम मोदी ने झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से दी गयी मदद का हिसाब भी दिया। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार ने 10 साल में झारखंड को 80 हजार करोड़ दिये थे। लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद हमने झारखंड के विकास के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक दिये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड को बनाया है। इसलिए इसके विकास की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं को दोहराते हुए कहा, बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है और इस बार उनकी 150वीं जयंती मनायी जा रही है। हम पूरे देश में इसे जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने जा रहे हैं।

### झारखंड में चल रही है बदलाव की आंधी

मोदी ने भीड़ से 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार' के नारे को दोहराया। उन्होंने कहा कि यहां बदलाव की आंधी चल रही है। सभा में उमड़ रही भीड़ यह बता रही है कि झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने वाली है। जनता आशीर्वाद देने को आतुर है। उन्होंने झारखंड भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सबके विकास के लिए अच्छी योजना लेकर आयी है। सबका विकास होगा। उन्होंने लोगों से भाजपा-एनडीए की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, मुझे आप सभी जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है और यह सौभाग्य अब समग्र वोट में बदलकर झारखंड के विकास की नयी दिशा तय करेगा।




www.epaper.azadsipahi.in

11 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 18, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 23

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जयघोष से गूंज उठा पूरा रातू रोड का इलाका



# प्रचार के अंतिम दौर में दिग्गजों ने झोंकी ताकत

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान का सोमवार को अंतिम दिन है। इसे देखते हुए रविवार को सभी दलों के दिग्गजों ने पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, लोजपा (आर) प्रमुख चिराग पासवान, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई अन्य दिग्गजों ने राज्य की उन 43 सीटों पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है।

## हमारी बिरादरी का ही कुछ लोग भाजपा का दलाल बन गया है : हेमंत सोरेन


आजाद सिपाही संवाददाता



**चक्रधरपुर/ भुरकुंडा/ खिजरी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कई चुनावी सभाओं में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। उन्होंने अपने भाषणों में बिना किसी का नाम लिये उन आदिवासी नेताओं को जम कर खरी-खोटी सुनायी, जो भाजपा में हैं या हाल के दिनों में गये हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारी जात-बिरादरी के लोग ही भाजपा के दलाल बन गये हैं। एजेंट बन गये हैं। उन्होंने भाजपा के बारे में कहा कि ये बेइमान लोग झूठा-झूठा वादा करने आयेगा। ये लोग पार्टी तोड़ता है। घर तोड़ता है। समाज तोड़ता है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। हिंदू-मुसलमान कर लोगों को बांटने का काम करती है। जहां हिंदू-मुस्लिम, सिख-इसाइ मिल कर रहते हैं, वहां उनकी दाल नहीं गलती। इसीलिए ये लोग लोगों के बीच दरार पैदा कर वोट लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस राज्य में आदिवासी-मूलवासी की रक्षा करना, यहां के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ना, यहां के जल, जंगल, जमीन के लिए झामुमो का जो एक लंबा संघर्ष है, उसको मजबूती के साथ राज्य में गांव-गांव में स्थापित करना है। हम पहले भी बोलते थे कि हमारी सरकार रांची से नहीं, गांव से चलने वाली सरकार है। जो कर्मचारी कभी गांव-देहात नहीं जाता था, वह भी हमारी सरकार में गांव-गांव, टोला-टोला पहुंचा। अनेक बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ट्रैक्टर से, बैलगाड़ी से पहुंचा। उन्होंने कहा कि राज्य अलग होने के बाद भाजपा ने इस राज्य को गरीब कर दिया, पीछे धकेल दिया। हम झारखंड को उस दलदल से निकाल कर सामान्य जीवन की ओर ले जा रहे हैं। इनके राज्य में किसी को पेंशन मिलती थी, किसी को नहीं, लेकिन हमने कानून बना दिया कि सबको पेंशन मिलेगी। हमारा गांव-देहात इतना गरीब है कि लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए कर्जा लेते हैं। उधार लेते हैं। और ये कर्ज चुकाते-चुकाते उनकी कमर टूट जाती है। महिलाएं अपना गहना बेचकर बिजली बिल भरती हैं। इसलिए हमने ये बोझा अपने कंधों पर उठाया और बिजली बिल ही माफ कर दिया। अब बिजली का बिल कभी नहीं आयेगा, क्योंकि हमने दो सौ यूनिट बिजली भी फ्री कर दिया है।

उन्होंने कहा कि मेरे नेतृत्व में सरकार का पांच साल जनता को समर्पित रहा है। जनता की सेवा के लिए कई ऐसी योजनाएं चलायी गयीं, जिनसे हर परिवार लाभान्वित हुआ। हर वर्ग के लोगों को लाभ देने का काम हमारी सरकार ने किया है। लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए मैंने केसीसी लोन के साथ बिजली माफ करने का फैसला किया। कोरोना काल में जहां आम लोग भाजपा द्वारा लगाये गये लॉकडाउन के कारण घर से काफी दूर फंसे हुए थे, उन्हें लाने के लिए मैंने हवाई जहाज तक का सहारा लिया। इस दौरान प्रदेश की महिलाओं ने मेरा खूब साथ दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए मंईयां सम्मान योजना लागू किया है। अभी एक हजार दिया जा रहा है। दिसंबर से 25 सौ रुपये देने का फैसला मेरी सरकार ने कर लिया है। अगले कार्यकाल में हर महिला के खाते में हर साल एक लाख रुपया दिया जायेगा। उन्होंने भाजपा द्वारा लगाये जा रहे 'बंटोगे तो कटोगे' नारे पर भी कटाक्ष किया।

## झारखंड से भाजपा को उखाड़ फेंकना जरूरी : लालू यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव झारखंड विधानसभा में चुनाव प्रचार के लिए पहली बार रविवार को पहुंचे। उन्होंने कोडरमा के मरकच्चो में राजद प्रत्याशी सुभाष यादव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकना है। झारखंड और पूरे देश के लिए यह बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि देशभर में इंडिया गठबंधन मजबूत है और लगातार मजबूत हो रहा है। राजद सुप्रीमो ने भाषण के दौरान अपने पुराने अंदाज में कहा, आज सुबह उन्हें देख कर हेलीकॉप्टर डर गया। इसलिए सड़क मार्ग से गाड़ी में सो कर आये हैं। उन्होंने सुभाष यादव को राजद का प्रत्याशी बनाने के कारण का खुलासा करते हुए कहा कि सुभाष यादव बहादुर आदमी है। इसलिए उन्हें टिकट दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुभाष यादव ही भाजपा का मुकाबला कर सकते हैं, उसके गलत काम को रोक सकते हैं। झारखंड को भाजपा वालों ने पूरी तरह लूटा है। इसलिए यहां की जनता उससे नाराज है। भाजपा के लोगों ने झारखंड को ही नहीं, पूरे देश को बांटने का काम किया है। इसके नेता लोग खाली फालतू की बात करते हैं। झारखंड हमारा छोटा भाई है। इसलिए हम इसका बुरा कभी नहीं सोच सकते। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। झारखंड को उसने पहचान दिलायी है। आज देश भर में झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं की कॉपी की जा रही है। झारखंड के बच्चों को विदेश में पढ़ने के लिए यहां की सरकार स्कॉलरशिप दे रही है।

राजद सुप्रीमो को देखने-सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। लोगों के बीच लालू प्रसाद को लेकर इतनी उत्सुकता थी कि वे केवल एक झलक पाने के लिए उतावले थे। लालू भी अपने पुराने अंदाज में ही दिखे।

## बाबर-औरंगजेब को हमारे पूर्वजों ने हराया है : हिमंता बिस्वा सरमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल/श्री वंशीधर नगर।** झारखंड भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक बार फिर 'एक रहेंगे सेफ रहेंगे' का नारा दोहराते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने बाबर-औरंगजेब को हराया है। रविवार को गढ़वा में दो चुनावी सभाओं में उन्होंने कहा कि जब बाबर और औरंगजेब भारतीय संस्कृति और सनातन को नहीं हिला सके, तो हेमंत सोरेन और और उनके मंत्री क्या चीज हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने झारखंड को लूट लिया। यहां भ्रष्टाचार चरम पर है। आलम यह है कि सोने के भाव में यहां बालू बिक रहा है। बुजुर्गों का पेंशन बंद कर मंईयां सम्मान योजना शुरू कर दिया गया, जिससे सास-बहू में लड़ाई हो गयी। अबुआ आवास योजना कुछ लोगों को दिया तो गया, लेकिन बालू इतना महंगा है कि गरीब घर बना ही नहीं पा रहा। यहां दुर्गा पूजा में मूर्ति विसर्जन को रोका जा रहा है, रामनवमी का जुलूस नहीं निकल पा रहा। उन्होंने अगले वर्ष मूर्ति विसर्जन तथा रामनवमी के जुलूस को रोकने की चुनौती दी। हेमंत सोरेन तथा कल्पना सोरेन पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि दोनों फिल्म 'एक दूजे के लिए' की तरह प्रचार कर रहे हैं। गरीबी, भ्रष्टाचार तथा बेरोजगारी से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले लूट-खसोट और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जेल भेजा जायेगा। सीजीएल सहित सभी परीक्षाओं में हुई धांधली की जांच करायी जायेगी, 2.87 हजार लोगों को नौकरी दी जायेगी, सहारा में डूबे हुए पैसे को सभी को लौटाया जायेगा, छत्तीसगढ़ तथा ओड़िशा की तर्ज पर 31 रुपये प्रति किलो धान की खरीद की जायेगी।

## अब झारखंड में उगेगा विकास का सूरज : शिवराज



**दुमका (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड ने पिछले पांच साल अंधकार में काटे हैं। अब चुनाव हो रहा है और यहां विकास का सूर्योदय होगा। रविवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी तरह अब उनके नेतृत्व में झारखंड भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, पीएम मोदी झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैं। राज्य की जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा जताया है। रांची और झारखंड उनके आने का इंतजार कर रहा है। पीएम मोदी का आना मतलब विकास के सूरज का उदय होना है। झारखंड में विकास का सूरज उगेगा। भाजपा-एनडीए यहां चुनाव जीतेगा। उन्होंने कहा कि इस धरती की रोटी, बेटी, माटी को बचाने के लिए झारखंड की जनता संकल्पबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि इसी संताल परगना में आदिवासी भाइ-बहनों की आबादी सिर्फ 28 फीसदी है। कभी यह 44 फीसदी थी। शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने जनता के खून-पसीने की कमाई पर डाका डाला है, उनके सपनों पर छापा डाला है।





विजयी भव:
झारखण्ड की जनता को भाजपा के पांच बड़े वचन
पंचप्रण
रोटी बेटी माटी की पुकार
झारखंड में भाजपा सरकार
झारखंड में बनेगी डबल इंजन की सरकार
पांकी में डॉक्टर मेहता फिर से एक बार
घर साकार
21 लाख झारखंडवासियों को पक्का घर, मुफ्त बालू, शुद्ध पेयजल का उपहार
युवा साथी
₹2000 प्रति माह स्नातक/स्नातकोत्तर युवाओं को प्रोत्साहन राशि का उपहार
₹2100 प्रति माह झारखंड की हर बहना को हर साल 25000+ का उपहार
गोगो दीदी योजना
₹500 में गैस सिलिंडर त्योहारों पर 2 मुफ्त सिलिंडर का उपहार
लक्ष्मी जोहार
2.87 लाख झारखंडी युवाओं को रिक्त सरकारी नौकरी
5 लाख स्वरोजगार
सुनिश्चित रोजगार
ईवीएम क्रमांक 1
चुनाव चिन्ह कमल का फूल
कुशवाहा शशिभूषण मेहता
75 पांकी (झारखंड), भाजपा प्रत्याशी
कमल का बटन दबाएं भाजपा को जीताएं
नमूना बैलेट यूनिट
Ready
Ballot Unit
मतदान केन्द्र का नाम
1. कुशवाहा शशि भूषण मेहता
2
3
4
5
6
7
5 साल सेवाकाल बेमिसाल
महत्वपूर्ण उपलब्धियां-
पथ निर्माण के क्षेत्र में –
पाँकी–मेदिनीनगर पथ का पुनर्निमाण सगालिम–तरहसी–पदमा पथ का पुनर्निमाण चक–मनातू मिसिंग लिंक पथ का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग से लगभग 500 किलोमीटर ग्रामीण सड़क का निर्माण, स्वीकृत तथा निविदा प्रक्रियाधीन।
पुल निर्माण के क्षेत्र मे –
पाँकी प्रखण्ड में सकलदीपा पंचायत में खपरमंडा नदी पर पुल स्वीकृत, करार टोला सिजुआ और चकंटाड़ के बीच सोनरे नदी पर पुल
नीलाम्बर–पीताम्बरपुर प्रखण्ड मे – जैतुखाड़ में कुन्दरहिया नाला पर पुल निर्माण अमवाखुर्द और बौराखाड़ के बीच पिरी नदीपर पुल निर्माण, बौराखाड़ एवं टिटहिया टोला (आसेहार) के बीच पिरी नदी पर पुल निर्माण, मुन्दरिया चिरैयाटांड़ में मलय नदी पर पुल स्वीकृत।गुरीयादामर में सीधलेवा नाला पर पुल निर्माण
तरहसी प्रखण्ड में गोइन्दी में सतनदिया पर पुल निर्माण, सिकनी एवं धूमा के बीच बघमनवा नाला पर पुल नर्माण, चिना एवं बरियातू के बीच बरियातू नाला पर पुल निर्माण
प्रखण्ड–मनातू में करैला से मधेया पथ में जिंजोई नदी पर पुल निर्माण, तिलो में जमुआ नदी पर पुल निर्माण
सतबरवा प्रखण्ड के धुटुवा पंचायत में कोईली नदी पर पुल स्वीकृत। विधायक निधि से पूरे लगभग 500 विकास योजनाओं का क्रियान्वयन।
कमल का बटन दबाएं
भाजपा
भाजपा को जीताएं



13 ब्रह्मदेव प्रसाद
चुनाव चिन्ह
बैटरी टॉर्च
क्रमांक 13
आने वाली 13 नवम्बर को
बैटरी टॉर्च निशान
पर बटन दबाकर भारी
मतों से विजयी बनायें
Ready
Ballot Unit
13 ब्रह्मदेव प्रसाद
77- बिश्रामपुर-मंझिआँव विधानसभा क्षेत्र के शिक्षित युवा, कर्मठ संघर्षशील, गरीबों-पिछड़ों-शोषितों की आवाज निर्दलीय प्रत्याशी
ब्रह्मदेव प्रसाद (बी.डी.प्रसाद)
को बैटरी टॉर्च छाप का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें।
/BDPrasad
/BDPrasad
/BDPrasad
85419 43572




अगले 5 साल के लिए
आपको मुन्ना सिंह की 7 गारंटी
GUARANTEE
भूमिगत बिजली केबल
बेहतर ज़िला स्वास्थ्य केंद्र
गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ना
ग्रामीण स्कूलों में बेहतर शिक्षा और सुविधाएं
फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान
जलमीनारों का दुरुस्तीकरण
हजारीबाग झील का सौंदर्यीकरण
3 मुन्ना सिंह




झारखंड झुकेगा नहीं इंडिया रूकेगा नहीं
झा. मु. मो.
झारखंड में INDIA का घोषणा पत्र सात बड़ी गारंटी का एलान
मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं के लिए मासिक सहायता राशि दिसंबर से 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया जायेगा
1 सस्ता गैस सिलिंडर
2 शिक्षा-रोजगार पर जोर
3 किसान कल्याण गारंटी
4 सामाजिक न्याय की गारंटी
5 खाद्य सुरक्षा गारंटी के तहत एक शख्स को सात किलो राशन
6 15 लाख रुपये तक पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा
7 महिलाओं को 2500 रुपये सम्मान राशि
जिग्गा मुंडा के द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्य:-
1. सिसई- बसिया सड़क मार्ग का निर्माण, विशेष पैकेज लाकर इस सड़क का चौड़ीकरण निमार्ण 2. सिसई से छरदा तक चौड़ी पक्की सड़क का निर्माण। 3. कई गांवों को प्रखंड मुख्यालय या मुख्य पथ से पक्की सड़कें बना कर जोड़ने का कार्य 4. क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों में सरना घेराबंदी का निर्माण। 5. क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों में अखड़ा स्थल का निर्माण कार्य 6. क्षेत्र के कई गांवों में सोलर पैनल युक्त स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य पूर्ण। 7. क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों में धुमकुड़िया का निर्माण कार्य एवं सरहुल पर्व में गांवो गांवो में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन। 8. आदिवासी संस्कृति को बरकरार रखने के लिए खोड़हा दल को डेग, ड्राम, व बर्तन, ढोल-नगाड़े आदि का वितरण। 9. क्षेत्र में सिंचाई और जल स्तर को बरकरार रखने के लिए कई बड़े छोटे बड़े चेक डेम का निर्माण एवं आवागमन सुगम करने के लिए पुल पुलिया का निर्माण। 10. विधायक मद से क्षेत्र के कई गांवों में पहुंच पथ का निर्माण, 11. पहले से बनी खस्ता हाल सड़कों पर मिट्टी मोरम रोड़ और पीसीसी पथ निर्माण कार्य। 12. गांवों में जले ट्रांसफार्मर को नया बदलने का कार्य। 13. विधायक मद से पेयजल आपूर्ति हेतू चयनित गांव -टोलों में चापाकल अधिस्ठापन कार्य। 14 .राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं यथा अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, स्कुली बच्चों को साईकिल वितरण व छात्रवृत्ति वितरण, गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल, धोती, साड़ी, लुंगी आदि वितरण सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है।
जिगा सुसारन होरो
प्रत्याशी
सिसई विधानसभा, झामुमो
चुनाव चिन्ह तीर धनुष क्रम संख्या 2 पर बटन दबाकर विजयी बनायें


विजयी भव:
रोटी बेटी माटी की पुकार
झारखंड में भाजपा सरकार
घर साकार
21 लाख
झारखंडवासियों को पक्का घर, मुफ्त बालू, शुद्ध पेयजल का उपहार
युवा साथी
₹2000 प्रति माह
स्नातक/स्नातकोत्तर युवाओं को प्रोत्साहन राशि का उपहार
₹2100 प्रति माह
झारखंड की हर बहना को हर साल 25000+ का उपहार
गोगो दीदी योजना
₹500
में गैस सिलिंडर त्योहारों पर 2 मुफ्त सिलिंडर का उपहार
लक्ष्मी जोहार
2.87 लाख
झारखंडी युवाओं को रिक्त सरकारी नौकरी
5 लाख स्वरोजगार
सुनिश्चित रोजगार
झारखंड में बनेगी डबल इंजन की सरकार
विश्रामपुर में रामचंद्र चंद्रवंशी
फिर से एक बार
चुनाव चिन्ह
कमल छाप
ईवीएम क्रमांक 3
रामचंद्र चंद्रवंशी
77 विश्रामपुर (झारखंड), भाजपा प्रत्याशी
कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जीताएं
क्र.सं उम्मीदवार का नाम फोटो चुनाव चिन्ह
1
2
3 रामचंद्र चंद्रवंशी
4
5
6
रामचंद्र चंद्रवंशी
77 विश्रामपुर (झारखंड), भाजपा प्रत्याशी
कमल का बटन दबाएं
भाजपा
भाजपा को जीताएं

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,900 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# भाजपा के गढ़ उत्तरी छोटानागपुर को भेदने में जुटा इंडी गठबंधन

## ■ इस प्रमंडल के सात जिलों की 25 सीटों पर हो रहा है कांटे का मुकाबला

## ■ जल-जंगल-जमीन की असली लड़ाई का गवाह है झारखंड का यह इलाका

## ■ खेती-किसानी से खनिज संपदा तक में पूरे राज्य में है इस इलाके का दबदबा

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रशासनिक दृष्टि से झारखंड का सबसे बड़ा प्रमंडल है उत्तरी छोटानागपुर। इसके अंतर्गत सात जिले आते हैं और इन सात जिलों के लोग पांच सांसद और 25 विधायक चुनते हैं। इन सात जिलों में धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, चतरा और रामगढ़ आते हैं। उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का सबसे अमीर प्रमंडल है, क्योंकि यहां खेती-किसानी से लेकर खनिज संपदा और उद्योग-धंधों की भरमार है। जिलों और सीटों की संख्या के लिहाज से उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की जमीन सत्ता के गलियारे तक पहुंचने के लिए सबसे मुफीद मानी जाती है। एक और खास बात यह है कि इन सात जिलों में एक भी सीट आदिवासियों के लिए आरक्षित नहीं है। चार सीटें अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व हैं। यह इलाका भाजपा-आजसू का गढ़ माना जाता है। 2019 के चुनाव में भाजपा को केवल 25 सीटें मिली थीं, जिनमें से इस प्रमंडल की 12 सीटें शामिल थीं। इससे साफ है कि भाजपा को सबसे ज्यादा समर्थन इसी प्रमंडल में मिला था। कांग्रेस को पांच सीटें, झामुमो को चार सीटें, आजसू, राजद, भाकपा माले और निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी इसी प्रमंडल से आते हैं। कहा जाता है कि इस प्रमंडल में उनका बहुत व्यापक जनाधार है। 'लालखंड' के नाम से मशहूर गिरिडीह-कोडरमा का इलाका बाबूलाल मरांडी की कर्मभूमि है। उत्तरी छोटानागपुर के सात जिलों की राजनीतिक अहमियत का पता इसी बात से चलता है कि यहां की एक-एक सीट पर हर दल ने पूरी ताकत झोंक रखी है और मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। क्या है उत्तरी छोटानागपुर का सियासी परिदृश्य, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह




झारखंड के पांच प्रमंडलों में से एक उत्तरी छोटानागपुर सत्ता के गलियारे तक पहुंचने का सबसे उपयुक्त रास्ता माना जाता है। इसके सात जिलों में 25 विधानसभा क्षेत्र हैं। यह प्रमंडल पांच सांसद भी चुनता है। इस क्षेत्र में कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले शामिल हैं।

झारखंड में पहले चरण में 13 नवंबर को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की 25 में से सात, यानी कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया और चतरा सीट के लिए वोटिंग होगी। प्रमंडल की शेष 18 सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। जाहिर है कि एनडीए अपने 2014 के प्रदर्शन को दोहराना चाहेगा, जबकि इंडी गठबंधन चाहेगा कि भाजपा के इस गढ़ में कैसे ज्यादा से ज्यादा सेंधमारी की जा सके।

### आर्थिक रूप से सबसे समृद्ध है यह प्रमंडल

झारखंड का उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आर्थिक रूप से सबसे संपन्न है। इसकी वजह है धनबाद, चतरा और रामगढ़ की कोयला खदानें। दूसरी तरफ बोकारो स्टील प्लांट इसे अलग पहचान दिलाता है। उर्वर जमीन की बदौलत हजारीबाग के किसान काफी समृद्ध हैं। चतरा और गिरिडीह जिले में कभी नक्सलियों की पैठ हुआ करती थी, जो अब अंतिम सांसें गिन रहे हैं।

### प्रमंडल का राजनीतिक इतिहास

2019 के चुनाव में भाजपा ने कुल 25 सीटें जीती थीं, जिनमें से 12 सीटें इस क्षेत्र की थीं। कांग्रेस ने पांच सीटें जीती थीं, जबकि झामुमो ने चार और राजद, भाकपा-माले और आजसू ने एक-एक सीट जीती थी, जबकि एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गयी थी। 2009 के चुनावों में भाजपा ने इस प्रमंडल में खराब प्रदर्शन किया था और केवल तीन सीटें ही जीत पायी थी। उस समय बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा ने सात सीटें जीत कर अपना दबदबा कायम कर लिया था। 2014 की 'मोदी लहर' में भाजपा ने यहां की 25 में से 16 सीटें जीतकर उल्लेखनीय वापसी की, जबकि उसके सहयोगी आजसू ने दो सीटें जीतीं।

### क्या है इस बार का परिदृश्य

उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र इस बार भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां कई प्रमुख हस्तियां मैदान में हैं, जिनमें झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शामिल हैं। ये दोंनों क्रमशः धनवार और गांडेय सीटों से चुनाव लड़ रही हैं। इस चुनाव में भाजपा ने प्रमंडल की 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि सहयोगी आजसू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) क्रमशः चार और एक सीट पर चुनाव लड़ रही हैं। झामुमो और कांग्रेस ने 10-10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे रहे हैं, जबकि बाकी सीटें राजद और भाकपा (माले) के बीच हैं।

### जयराम महतो की धमाकेदार इंट्री

उत्तरी छोटानागपुर को झारखंड के सबसे ताकतवर जातीय समुदाय कुरमी का गढ़ माना जाता है। चतरा को छोड़ कर बाकी छह जिलों में इस जाति का दबदबा है। ऐसे में हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में एक नयी राजनीतिक ताकत ने यहां धमाकेदार इंट्री की, जिसका इस समुदाय पर खासा प्रभाव है। जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने लोकसभा चुनाव में अच्छा-खासा वोट हासिल कर सभी राजनीतिक दलों को चौंका दिया है। इस तरह जयराम महतो क्षेत्रीय राजनीति का एक और नया कोण बन गये हैं। झारखंड की राजनीति में जो जातीय समीकरण है, उसमें वह काफी फिट बैठते हैं। चूंकि वह खुद कुरमी जाति से आते हैं और राज्य की राजनीति में कुरमी को आदिवासियों के बाद सबसे ज्यादा प्रभावी माना जाता है, इसलिए उनका एक खास राजनीतिक दृष्टिकोण है। उनका मानना है कि राज्य में युवाओं की राजनीति में भागीदारी बहुत जरूरी है। युवाओं को सक्रिय रूप से आगे आना होगा, तभी जाकर राज्य की स्थिति बदल सकती है। जयराम महतो के इस नये सियासी उभार ने राज्य की स्थापित पार्टियों की टेंशन को जरूर बढ़ा दिया है। इसलिए विधानसभा के आसन्न चुनाव में उसके प्रदर्शन पर लोगों की निगाहें रहेंगी।

### गिरिडीह जिला है प्रमंडल की सियासत का केंद्र

छह विधानसभा क्षेत्रों वाला गिरिडीह उत्तरी छोटानागपुर की सियासत का केंद्र है, क्योंकि बाबूलाल मरांडी और कल्पना सोरेन का क्षेत्र इसी जिले में है। मरांडी का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के दो उम्मीदवारों - झामुमो के निजामुद्दीन अंसारी और माले के राजकुमार यादव से है। उधर कल्पना सोरेन गांडेय निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार मुनिया देवी का सामना कर रही हैं।

### डुमरी: झामुमो को किला बचाने की चुनौती

गिरिडीह में एक और प्रमुख सीट डुमरी है, जो 'टाइगर महतो' के नाम से चर्चित जयराम महतो के कारण चर्चा में है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा (जेएलकेएम) के संस्थापक जयराम महतो ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में अपने अप्रत्याशित प्रदर्शन से झारखंड में स्थापित पार्टियों को चौंका दिया। लोकसभा चुनाव में महतो ने आठ सीटों में उम्मीदवार उतारे, जिनमें से छह में वे तीसरे स्थान पर रहे और 8.20 लाख से अधिक वोट प्राप्त किये। बेबी देवी इस इलाके में 'टाइगर' के नाम से मशहूर रहे जगरनाथ महतो की विधवा हैं। उनके सामने जयराम महतो के अलावा आजसू की यशोदा देवी भी हैं। डुमरी उन पांच सीटों में से एक है, जहां से झामुमो पिछले 25 साल से नहीं हारा है।

### कोडरमा में नीरा-सुभाष का मुकाबला

कोडरमा अपने अभ्रक खनन के लिए मशहूर है और कभी दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक था। कोडरमा में मौजूदा भाजपा विधायक नीरा यादव और जेल में बंद राजद उम्मीदवार सुभाष यादव के बीच मुकाबला है।

### चार एससी सीटों पर क्या रहा है समीकरण

राज्य की 81 विधानसभा सीटों में नौ सीटें अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व हैं। इनमें सबसे ज्यादा चार सीटें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से तीन, सिमरिया, जमुआ और चंदनक्यारी में जीत हासिल की थी। राजद के खाते में चतरा सीट गयी थी। 2014 के चुनाव में चतरा और जमुआ सीट पर भाजपा की जीत हुई थी। सिमरिया और चंदनक्यारी सीट जेवीएम के खाते में गयी थी, लेकिन जेवीएम के विधायक भाजपा में शामिल हो गये थे। चतरा सीट पर मौजूदा विधायक और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपनी पुत्रवधू रश्मि प्रकाश को राजद के टिकट पर मैदान में उतारा है, क्योंकि झारखंड में भोगता समुदाय के अनुसूचित जाति से अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल हो जाने के बाद वे चुनाव नहीं लड़ सकते।

### झरिया में फिर देवरानी-जेठानी का मुकाबला

कोयलांचल के नाम से प्रसिद्ध धनबाद के झरिया में मुकाबला देवरानी-जेठानी के बीच है। कांग्रेस पार्टी की निवर्तमान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार रागिनी सिंह से है। पूर्णिमा के पति नीरज सिंह की हत्या के आरोप में रागिनी सिंह के पति संजीव सिंह जेल में हैं। दोनों एक ही परिवार की बहु हैं।

इस तरह साफ है कि इस प्रमंडल में अपना वर्चस्व कायम रखना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है, जबकि झामुमो-कांग्रेस-राजद के लिए भाजपा-आजसू के साथ जयराम महतो को रोकना बड़ा चैलेंज है। इतना तय है कि उत्तरी छोटानागपुर की इन 25 विधानसभा सीटों पर इस बार कांटे का मुकाबला होगा, जिसमें दलों और प्रत्याशियों की परीक्षा तो होगी ही, इलाके की समस्याओं को कितना महत्व मिलता है, यह भी परखा जायेगा।

# सत्तारूढ़ पार्टी के लिए व्यापारियों से वसूली कर रहे पुलिस पदाधिकारी: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सूचना मिल रही है कि झारखंड के कुछ ज़िलों में प्रमुख प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सत्तारूढ़ पार्टी के लिए व्यापारियों, कारोबारियों से मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि ऐसी ही एक सटीक जानकारी मिलने पर मैंने मुख्य सचिव को सूचित कर कहा है कि ऐसे सारे अधिकारियों को ये गलत काम करने से रोकें। प्रशासनिक मर्यादा एवं शासन पर जनता का विश्वास बनाये रखने के लिए मैं ऐसे किसी बेईमान वसूलीकर्ता अफसर का नाम अभी सार्वजनिक नहीं कर रहा हूं।

**चुनावी लेवी वसूलने की हरकतों से बाज आयें अफसर**

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि मैं राज्य के छोटे-बड़े अफसरों के करवद्ध अपील करता हूं कि वे सत्तारूढ़ पार्टी के लिए चुनावी लेवी वसूलने की हरकतों से बाज आयें। मैं वादा करता हूं कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही बिहार की तर्ज पर कानून बनाकर वैसे बेईमान अफसरों की संपत्ति, जमीन-जायदाद, मकान सीधे जब्त कर उसका उपयोग स्कूल, अस्पताल खोलने जैसे पब्लिक के सार्वजनिक कार्यों के लिए किया जायेगा।

# मंडल मुर्मू को गृह मंत्रालय से मिली एक्स कैटेगरी की सुरक्षा

**सिर काटने की मिली थी धमकी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी में शामिल हुए वीर शहीद सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू को गृह मंत्रालय ने एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है। जानकारी के अनुसार, सीएम सह बरहेट विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक 4 नवंबर को मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल हुए थे। इसके दो दिन बाद छह नवंबर को सेल्स एंड सर्विस नामक व्हाट्सएप ग्रुप में मंडल मुर्मू का सिर काटने पर 50 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गयी थी। इसका स्क्रीनशॉट वायरल होते ही दुमका पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मंडल मुर्मू ने राज्य और केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग की थी, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है।



## Format C-7

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why to her individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.
(As pet the commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble supreme Court in contempt petition (C) No.. 2192 of 2018 in wp (C) No. 536 of 2011)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of Election : **VIDHAN SABHA 2024**
Name of State /UT : **JHARKHAND**
(I) Name of the Constituency :- **69- Bishunpur Assembly (ST)**
Name of the Candidate : **SRI CHAMRA LINDA**

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | (1) Criminal attendants | | |
| | a. | Nature of the offences | Deter Public servant from discharging of his duty |
| | b. | Case No. | In the Court of M.P./M.L.A. Ranchi, Jagarnathpur P.S. No.- 115/2013 dated 21.05.2013 Gr-2611/2013 |
| | c. | Name of the Court | I/C, J.M M.P/M.L.A., Court Ranchi |
| | d. | Whether changes have been frame or not (yes/no) | No. |
| | e. | Date of conviction, if any | Not applicable |
| | f. | details of punishment undergone, if any | Not applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Already on bail to cont. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference qualification, 10 the achievements andmetit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Three times M.L.A. from Bishunour constancy and whip (sachetak) from SLA Jharkhand State |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not wore than 100 words) | | Sri Chamra Linda is law abiding citizen. He is very well experienced and sincere party worker that is why he has been selected party candidate from Bishunpur constituency. No other individual with such ezperience could be identified for the same. |

Sd/.
SRI CHAMRA LINDA
JHARKHAND MUKTI MORCHA
VIDHAN SABHA JHARKHAND 2024


ना तेरा ना मेरा इस बार सिर्फ हर्ष अजमेरा
निर्दलीय युवा प्रत्याशी
बदलाव की इस घड़ी में, आपका
बटन दबेगा 23 नंबर की छड़ी में
EVM का नमुना
क्र. उम्मीदवार का नाम फोटो चुनाव चिन्ह
17
18
19
20
21
22
23 हर्ष अजमेरा छड़ी छाप
24 NOTA
25
26
27
28
29
30
31
32
हर्ष अजमेरा
निर्दलीय युवा प्रत्याशी । सदर विधानसभा, हजारीबाग
को
चुनाव चिन्ह
छड़ी
क्रम संख्या 23 छड़ी छाप के सामने वाला
नीला बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें।
यह राजनीति नहीं, युवानीति है
सबका सहारा छड़ी हमारा

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## भाजपा धार्मिक भावनाओं को उकसा कर चुनाव जीतना चाहती है : राजद



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी राज्य में इडी, सीबीआइ का आतंक दिखाकर एवं झूठ की पोटली जनता के सामने लाकर चुनाव जीतना चाहती है, लेकिन राज्य की जनता इनके चाल और चरित्र को पिछले कई सालों से समझ चुकी है। अब इनकी दाल राज्य में नहीं गलने वाली है। राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा इस बार इंडिया गठबंधन के विकास की सरकार से इतना डर चुकी है कि धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए मतदाता के मौलिक अधिकारों का भी हनन कर चुनाव जीतने का षड्यंत्र रच रही है। लेकिन इनकी एक भी जुमलाबाजी राज्य में नहीं चलने वाली है। श्री पांडेय ने कहा कि 2014 के बाद देश में महंगाई इस कदर बढ़ी है कि पिछले 50 साल का सारा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जनता महंगाई एवं बेरोजगारी से परेशान है और भाजपा के लोग झूठ की गठरी लेकर झारखंड में लोगों को गुमराह कर रही है।

## डोनेशन कूपन के ड्रॉ का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को संध्या 7.00 बजे श्री राम लाल पूजा समिति द्वारा मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास डोनेशन कूपन के ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी, मंत्री आदित्य मल्होत्रा एवं जनता के बीच से एक प्रतिनिधि रबार हबीब उपस्थित थे। उसके पश्चात पुरस्कारों की घोषणा की गयी। जो इस प्रकार है : बंपर पुरस्कार 43817, प्रथम पुरस्कार 54541, द्वितीय पुरस्कार 36611, तृतीय पुरस्कार 15598, चतुर्थ पुरस्कार 23434, पंचम पुरस्कार 52692, षष्ठम पुरस्कार 36646, सप्तम पुरस्कार 56579, अष्टम पुरस्कार 27846, नवम पुरस्कार 33956, दशम पुरस्कार 12088, सांत्वना पुरस्कार बंपर पुरस्कार के अंतिम तीन नंबर 817 पर निकला गये। सभी पुरस्कारों को जनता के सामने निकाले गये अंकों पर आवंटित किया गया। मंच का संचालन निर्मल जालान ने किया । सह कोषाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि सभी पुरस्कारों का वितरण 11 नवंबर से 45 दिनों तक किया जायेगा। जिसके बाद पूजा समिति की कोई जवाबदेही नहीं होगी। आयोजन को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव कुणाल अजमानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश धेलिया, प्रेमचंद श्रीवास्तव, मनीष लोधा, निर्मल जालान, अनिल गोयल, स्पर्श चौधरी, भाविन राठौर व अन्य लोगों का बहुमूल्य योगदान रहा।

# पीएम मोदी का 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद कार्यक्रम आज

### कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से 11 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे से सीधा संवाद करेंगे और जीत का मंत्र देंगे। पीएम मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत पार्टी के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस अभियान के माध्यम से झारखंड विजय के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में किये गये विकास कार्यों और चलाये गये अभियानों के बारे में इस कार्यक्रम में चर्चा होगी।

इससे पूर्व भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्यकर्ताओं से चर्चा करके उन्हें मजबूत भाजपा और सशक्त भाजपा के संकल्प को दोहराने के अपील कर चुके हैं। प्रधानमंत्री के इस इस संवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बेहद ही उत्साहित हैं और वह इस चर्चा के उपरांत और मजबूती के साथ में अपने-अपने मतदान केंद्रों में जुटेंगे। भारतीय जनता पार्टी को विशाल विजय दिलवायेंगे। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी तय है। भ्रष्टाचार को समर्पित झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार की विदाई तय है। भाजपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में हो इसलिए यह अभियान बेहद ही महत्वपूर्ण है।

# युवा कांग्रेस ने महुआ माजी के समर्थन में चलाया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा के नेतृत्व में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी महुआ माजी के समर्थन में वोट मांगा।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चर्च रोड, कर्बला चौक, गोस्नर कंपाउंड, बाबू लेन, गंगू टोली, बहू बाजार, सिरम टोली और क्लब रोड आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर एवं चुनावी बैठक कर इंडिया गठबंधन के रांची विधानसभा के प्रत्याशी महुआ माजी को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने कहा कि भाजपा जुमले की पार्टी है। चुनाव आने पर भाजपा को जनता की याद आती है और वोट के लिए उन्हें तरह-तरह के प्रलोभन देती है। लोगों को भाजपा के झांसे से बचने की जरूरत है। रोहित सिन्हा ने कहा कि पांच साल के शासनकाल में इंडिया गठबंधन की हेमंत सरकार ने गरीबों और जरूरतमंदों के लिए अनेक योजनाओं की शुरूआत की। जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड और यहां के लोगों के बेहतर विकास के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महुआ माजी को क्रम संख्या 3 में तीर-धनुष छाप पर बटन लगाकर भारी मतों से विजयी बनायें। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से दीपक कुमार, प्रवीण टोप्पो, सुमन सिंह, अजीत तिर्की, हेमंत कुजूर, राजेश मुंडा, मो अबरार, शाहिद अहमद, जितेश केरकेट्टा तथा सन्नी कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# प्रथम चरण : चुनाव प्रचार के भोंपू आज शाम से हो जायेंगे बंद : के रवि कुमार

- पांच जिले के 225 बूथों पर हेलीड्रापिंग किये जायेंगे चुनाव कर्मी
- आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले 53 हुए
- अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती पहुंची पौने दो अरब के पार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि प्रथम चरण के चुनाव प्रचार का कार्य सोमवार शाम से थम जायेगा। जहां शाम पांच बजे तक मतदान होना है, वहां के लिए शाम पांच बजे और जहां शाम चार बजे तक मतदान का समय है वहां चुनाव प्रचार 48 घंटे पहले सोमवार को चार बजे थम जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार की समाप्ति के साथ चुनाव कार्य को लेकर वहां गये (जो वहां के वोटर नहीं हैं) राजनीतिक लोगों को वहां से चले जाना होगा। ऐसे लोगों को कैंपेन की अवधि समाप्ति के बाद पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। सोमवार को पांच जिले पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में हेलीड्रापिंग के माध्यम से 225 बूथों पर चुनाव कर्मियों को भेजा जायेगा। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मतदान के दिन प्रत्याशियों के द्वारा मतदान केंद्रों पर अपना कैंप लगाया जाता है, जिसकी पूवार्नुमति सक्षम पदाधिकारी से लेना अनिवार्य होता है। कैंप मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि के बाहर होना चाहिए। धार्मिक स्थल या अतिक्रमित स्थान पर कैंप नहीं लगाया जा सकता। उस कैंप में प्रत्याशी से जुड़ा झंडा-बैनर, सिंबल, फोटो आदि लगाने पर भी पाबंदी रहेगी। प्रत्याशी कैंप में सिर्फ एक टेबुल और दो कुर्सी रख सकते हैं। वहां खान-पान भी प्रतिबंधित होगा। वहीं मतदान के बाद कैंप में वापस आने पर भी रोक होती है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अभी तक 53 केस दर्ज हुए हैं। उनमें सर्वाधिक 28 केस गढ़वा जिले में हुए हैं। वहीं राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 176.15 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती हो चुकी है।

# ब्रदर्स एकेडमी का ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट) 24 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी की ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट) आगामी सत्र के लिए 24 नवंबर 2024 को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जायेगी। नये सत्र की कक्षाएं 8 अप्रैल 2025 से शुरू होंगी। जी-सैट के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट लिंक http://www.brothersacademy.co.in/admissions.php पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, रांची के लालपुर और डोरंडा परिसर से भी आवेदन पत्र प्राप्त और जमा किये जा सकते हैं। जी-सैट परीक्षा का महत्व इस बात में है कि यही ब्रदर्स एकेडमी में आइआइटी-जेइइ कोचिंग में प्रवेश का एकमात्र माध्यम है। जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40% स्कॉलरशिप दी जायेगी और प्रत्येक कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को 100% स्कॉलरशिप मिलेगी। कक्षा 7, 8, 9 और 10 में पढ़ने वाले छात्र, ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को ध्यान में रखते हुए 1 वर्ष / 3 वर्ष / 4 वर्ष /5 वर्ष के फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ के लिए 2 वर्षीय कोर्स में नामांकन ले सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 11 और 12 का सिलेबस भी पढ़ाया जायेगा। उक्त जानकारी ब्रदर्स एकेडमी के निदेशक पारस कुमार अग्रवाल ने दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पीएम मोदी का किया स्वागत




रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का स्वागत रातू रोड माउंट मोटर गली के पास किया गया। जिसके प्रभारी निवर्तमान पार्षद ओम प्रकाश, सुखदेवनगर मंडल(दक्षिणी ) के अध्यक्ष अशोक मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम वर्मा, नि. पार्षद अशोक यादव, राजेश कुमार, प्रदीप वर्मा, उमेश वर्मा, दिलीप पांडेय, रविंद्र कुमार, रविंद्र चौरसिया, रूपा बनर्जी, पप्पू वर्मा, विनोद कुमार, राहुल सिंह, निशांत पांडेय, मनीष केशरी के साथ-साथ डोरंडा और लोवाडीह मंडल के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### राजीव रंजन मिश्रा ने पीएम का स्वागत किया



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को राजधानी रांची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी सह भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा, सुनील गुप्ता, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, अनिल गुप्ता के द्वारा किया गया। समिति के द्वारा हजारों की संख्या में जनता ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया।

### शहीदों का अपमान कर रहे हैं मोदी : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री झारखंड राज्य के निर्माण का क्रेडिट सिर्फ भाजपा को देकर उन हजारों शहीदों और आंदोलनकारी का अपमान किया है। जिन्होंने झारखंड अलग राज्य के लिए अपना सब कुछ निछावर कर दिया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि लंबी लड़ाई, हजारों शहादत और कांग्रेस पार्टी का लोकसभा और राज्यसभा में समर्थन के बाद ही यहां के लोगों को झारखंड अलग राज्य मिला और पहले सत्ता भी भाजपा को मिली। 24 वर्षों के युवा झारखंड पर 17 वर्षों तक तो भाजपा का ही शासन रहा, यहां यदि पिछड़ापन है तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। भाजपा द्वारा ऐसा कोई काम नहीं किया गया जिससे यहां के लोगों का सामाजिक या आर्थिक विकास हो सके। श्री शाहदेव ने कहा प्रधानमंत्री ओबीसी आरक्षण को लेकर लंबी-लंबी बातें कर रहे हैं, जबकि उन्हीं के मुख्यमंत्री ने ओबीसी आरक्षण को घटाया था। जो आरक्षण 27% था उसे 14% करने का काम किया था।

### सुरेश बैठा के समर्थन में बाइक रैली निकाली



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजू राम एवं उपाध्यक्ष सूरज कुमार पासवान, संयोजक संजय कुमार राम, शिवटहल नायक के द्वारा कांके विधानसभा प्रत्याशी सुरेश बैठा को कोकर वार्ड नंबर 10, 8 एवं 7 का दौरा मोटरसाइकिल रैली के द्वारा कराया गया। इस मोटरसाइकिल रैली में मुख्य रूप से रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, कोकर प्रखंड अध्यक्ष कुमार कौशल उर्फ गांधी राकेश सिंह, लोकेश खलखो, हिमांशु, सोनू टोप्पो, पाबो उरांव, अमित चौरसिया, विकास दास, विशाल कुमार, राम कुणाल कुमार, प्रीति संगा, स्मृति कुमारी, बबलू उरांव, संतोष प्रसाद, बिहारी गोप के अलावा सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रारूप -C1

आपराधिक प्रकरणों के संबंध में
(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **सरयू प्रसाद वर्मा**, ग्राम-बड़कीधमराय, पो0-तिलैयाडेम, थाना - जयनगर, जिला - कोडरमा (झारखण्ड)
राजनीतिक दल का नाम :- **बहुजन समाज पार्टी**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **20 - बरकट्ठा**

मेरे विरुद्ध निम्नलिखित आपराधिक मामले लंबित हैं।
(यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक मामले लंबित हैं तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और उपरोक्त विकल्प (प) को काट दें और नीचे की सारणी में सभी लंबित मामलों का ब्यौरे दें)

सारणी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं. | जयनगर, थाना कांड सं. 236/21 | लागू नही | लागू नही |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला स. | ए.सी जेस म कोडरमा 236/21 | लागू नही | लागू नही |
| (ग) | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं धारा की सं. दें अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा | धारा- 341/323 325/353/504/ 506/34 I.P.C. | लागू नही | लागू नही |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | जमानतीय | लागू नही | लागू नही |
| (इ) | क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | नहीं | लागू नही | लागू नही |
| (च) | यदि उपर्युक्त मद (ड.) के सामने उत्तर हां है, तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किए गए थे | लागू नही | लागू नही | लागू नही |
| (छ) | क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपील पुनरक्षित के लिए आवेदन फाईल किया गया है (हाँ या नही का उल्लेख करें) | नहीं | लागू नही | लागू नही |

ह0/-
सरयू प्रसाद वर्मा
बहुजन समाज पार्टी
20- बरकट्ठा विधानसभा 2024

### मां जगधात्री की हुई पूजा, महाभोग का वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्री हरी सभा और दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा बाड़ी, मेन रोड में रविवार को मां जगधात्री पूजा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महासप्तमी एवं महाअष्टमी के पूजा में मां को बलि संप्रदान किया गया। उसके बाद पूड़ी, मिष्ठान एवं फल का भोग चढ़ाया गया। महाआरती के बाद पुष्पांजलि अर्पित की गयी। उसके बाद हवन हुआ जो लगभग 2.50 बजे समाप्त हुआ। जिसके उपरांत पूजा की समाप्ति हुई। मंदिर प्रांगण में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महा भोग प्राप्त किये। सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने बताया कि 1929 से मां जगधात्रि की पूजा श्री दुर्गा बाड़ी में निरंतर होते आ रही है। उपरोक्त सभी तरह के अनुष्ठान को पश्चिम बंगाल से आये पुरोहित चयन रॉय एवं उनके सहयोगी कांति पद चटर्जी ने किया। पूजा में गोपाल भट्टाचार्य, सेतांक सेन, संदीप चौधरी, श्यामल रॉय, प्रदीप रॉय, जयंत कर, देवनाथ गांगुली, अमर नाथ चक्रवर्ती, अमित रॉय, संजय रॉय, नारायण प्रमाणिक, सिमंत प्रमाणिक, तरूण सुत्रधर आदि लोगों का भी काफी सहयोग रहा।

Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**
As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
*Independent candidates should write "Independent" here)*
Name of the Election: **LEGISLATIVE ASSEMBLY, JHARKHAND**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | 34, Gomia | Yogendra Prasad | Name of Court Case No. Status of the case (e) | Section of the Acts Concerned & Brief Description of offence (s) | Name of Court Date (s) of Order (s) | Description of Offence (S) Punishment Imposed | Maximum punishment imposed. |
| 1. | | | NA | NA | The Sub-divisional Judicial Magistrate, Ramgarh, Case No.-53/2010, Dated-31.01.2018 Status- On 07.01.2020 Acquitted from all charges | U/s 414,120 (B) of Indian Penal Code, punishment- 3 years &penalty-Rs.5000/ | 3 Years & Rs. 5000/penalty (CriminalAppeal -06/2018 on 01.02.2018 was filed against this decision in the court of PD&SJ, Ramgarh. The above case was disposed off on 07.01.2020 & candidate was acquitted from all charges.) |

Sd./-
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**LEGISLATIVE ASSEMBLY, JHARKHAND**
**JHARKHAND**


आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


# सुनील श्रीवास्तव मामले में इडी की इंट्री

## आयकर विभाग ने दी सूचना, फेमा और पीएमएलए के तहत होगी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वरिष्ठ निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव से जुड़े मामले में इडी की इंट्री हो गयी है। आयकर विभाग की छापामारी के दौरान बरामद संपत्तियों की जांच अब इडी करेगा। आयकर विभाग ने इडी को जानकारी दी है कि इस पूरे मामले में फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) और पीएमएलए (सार्वजनिक धन शोधन अधिनियम) का उल्लंघन किया गया है। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी इस बात की जांच करेगी कि क्या यह दिनेश मंडल की कंपनी के माध्यम से दुबई में अवैध विदेशी मुद्रा हस्तांतरण का संदिग्ध मामला है। इडी के एक अधिकारी ने बताया, हम जांच करेंगे कि क्या दुबई में रहने वाले दिनेश मंडल की कंपनी का सुनील श्रीवास्तव और अन्य लोगों से कोई संबंध है। अधिकारी ने कहा, हमें फेमा के तहत अवैध विदेशी मुद्रा की जांच के लिए किसी प्राथमिकी की जरूरत नहीं है। इडी के एक सूत्र ने बताया, हम आयकर विभाग द्वारा पीएमएलए के तहत अदालत में अभियोजन शिकायत दर्ज कराने के बाद उसके द्वारा



खोजे गये काले धन की भी जांच करेंगे।

### आयकर ने 17 ठिकानों पर की छापेमारी

आयकर विभाग ने शनिवार को रांची और जमशेदपुर में सुनील श्रीवास्तव, झामुमो नेता गणेश चौधरी, कई बिल्डरों और कारोबारियों से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। कर चोरी और पैसों के लेन-देन के साथ ही अघोषित संपत्ति को विभिन्न कारोबारी गतिविधियों में निवेश करने की सूचना पर आयकर विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान सुनील श्रीवास्तव के करीबी के जमशेदपुर स्थित घर से करीब 24 लाख रुपये बरामद किये गये। सुनील के घर से आभूषण के साथ कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं, जिससे पता चलता है कि उनकी पत्नी 10 कंपनियों में निदेशक हैं। अन्य ठिकानों पर भी अघोषित आय और उनके निवेश से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग ने एक संदिग्ध के नाम पर 20 बैंक लॉकर भी खोजे हैं। इसके अलावा जमशेदपुर में आठ ठिकानों पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान रांची के कटहल मोड़ इलाके में कुछ नये ठिकानों की जानकारी मिलने के बाद आयकर विभाग की टीम ने वहां भी छापेमारी की। इन ठिकानों में सुनील श्रीवास्तव के रिश्तेदार सुशील श्रीवास्तव और उनके द्वारा संचालित अंकुर नर्सरी शामिल है। आयकर विभाग ने रांची में सुनील श्रीवास्तव के करीबी ग्लोबल डेवलपर के दिनेश मंडल के दफ्तर और घर पर भी छापेमारी की। ग्लोबल डेवलपर और सुनील श्रीवास्तव के बीच कारोबारी संबंधों की जानकारी मिली है।

### झामुमो नेता गणेश चौधरी के ठिकानों पर छापेमारी

**आयकर विभाग ने जमशेदपुर में अंजनिया इस्पात लिमिटेड, गोविंद पारीख और झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता गणेश चौधरी के ठिकानों पर छापेमारी की। अंजनिया इस्पात के निदेशक उदय सिंह, अजीत सिंह, राकेश सिंह और राजेश सिंह के ठिकानों पर भी आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। यह कंपनी उदय सिंह की मां के नाम पर बनायी गयी है। गणेश चौधरी बड़ौदा कंस्ट्रक्शन और बड़ौदा ट्रांसपोर्ट नाम से व्यावसायिक संस्थान चलाते हैं। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कमेटी के सदस्य भी हैं। आयकर विभाग ने छापेमारी के दायरे में जमशेदपुर के व्यवसायी गोविंद पारीख के घर और जेके ट्रेडर्स नामक व्यापारिक प्रतिष्ठान को शामिल किया है।**

# युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करनेवाली सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी जनता : सुदेश महतो

### समाज को तोड़ने का काम कर रही हैं जेएमएम-कांग्रेस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/ईचागढ़।** हर साल पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार दस हजार नौकरियों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायी। खाली पड़े पदों को भरने में विफल सरकार ने पेपर लीक, नियुक्तियों में गड़बड़ी कर युवाओं की उम्मीदों को तोड़ा है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार को जनता अपने वोट की ताकत से सत्ता से बाहर करने को तैयार है। राज्य के हर कोने से एनडीए को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत नीमडीह प्रखंड में एनडीए उम्मीदवार हरेलाल महतो के पक्ष में



आयोजित पदयात्रा के दौरान कहीं।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हमारी तैयारी उन्हें इंटर्नशिप योजना से जोड़ने की है। इस योजना के तहत हम युवाओं को 6 से 25 हजार रुपये तक की प्रति माह इंटर्नशिप राशि देंगे। हमारा संकल्प है कि एक साल के अंदर सभी खाली पड़े सरकारी पदों पर नौकरी दी जायेगी। स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं को निर्मल महतो युवा निर्माण योजना के तहत 30 हजार रुपये प्रति वर्ष युवा निर्माण सहयोग राशि प्रदान की जायेगी।

पदयात्रा में उमड़े जनसैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ईचागढ़ विधानसभा की जनता इस बार अपने भूमिपुत्र हरेलाल महतो को विजयश्री का आशीर्वाद देने वाली है। इस सरकार ने क्षेत्र और क्षेत्रवासियों का बहुत नुकसान किया है। प्रगति पथ पर आगे बढ़ने की जगह यह क्षेत्र और पीछे चला गया है। जेमएएम और कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण की राजनीति को साधने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रही है। जनता इनकी मंशा को नाकाम करने को तैयार है।

मौके पर हरेलाल महतो ने कहा कि जनता के साथ हमारा सीधा जुड़ाव है। उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझते हुए उनका निराकरण करना हमारी प्रथमिकता है। जनता के साथ, सहयोग और आशीर्वाद से हम ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। एनडीए सरकार के आते ही क्षेत्र की स्थिति में बदलाव देखने लगेगा।

# मुक्ति संस्था ने 51 शवों का किया अंतिम संस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 51 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी गृह से शवों को निकालकर जुमार नदी के तट पर लेकर गये। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 1883 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार



किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। मौके पर रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल, आशीष भाटिया, नीरज खेतान, संदीप कुमार, शिव शंकर शर्मा, राहुल चौधरी, सौरभ बथवाल, पंकज खिरवाल, हरीश नागपाल, पंकज मिढ़ा और कमल चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# श्याम मंदिर में बाबा श्याम का जन्मोत्सव कल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खाटूधाम के परंपरा के अनुसार कार्तिक शुक्ल एकादशी दिन मंगलवार 12 नवंबर को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर संपूर्ण दिवस खुला रहेगा। साल में मात्र इसी दिन बाबा श्याम की सात आरती सुबह 5.30 बजे, 8.30 बजे 12.15 बजे 7.00 बजे 8.30 बजे 12 बजे 2 बजे पंचदीप व शंख आरती की जायेगी। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि संपूर्ण मंदिर को सुगंधित फूल से एवं विद्युत साज से सजाया जा रहा है। पूरा मंदिर परिसर जन्मउत्सव दिवस को विद्युत की सजा से



जगमग करता रहेगा। कोलकाता एवं बेंगलुरु से विशेष इंपोर्टेड फूलों से बाबा का अनुपम दिव्य श्रृंगार किया जायेगा। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि संध्या 6 बजे मंडल के सदस्य साकेत ढानढनिया नेहा ढानढनिया तुलसी विवाह की पूजन कार्य विधि विधान से करवायेंगे।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि श्री श्याम जयंती महोत्सव का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ होगा। बाबा श्याम की अखंड ज्योत तारा देवी राजेश प्रकाश कटारुका प्रज्ज्वलित करेंगे। इसके बाद विभिन्न तरह के फलों का प्रसाद मगहीपान एवं मेवा का भोग लगाकर बाबा श्याम को अपनी मनोकामना लगायेंगे। इस अवसर पर रणधीर सुप्रिया शिवाय शिवांश जायसवाल बाबा श्याम को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित करेंगे। विशेष श्रृंगार सेवा तारा देवी राजेश प्रकाश कटारुका निवेदित करेंगे। फल की सेवा एक श्याम भक्त एवं पिंटू बरनवाल स्वीटी याना युवी बरनवाल द्वारा निवेदित की जायेगी। रबड़ी प्रसाद की सेवा अन्नपूर्णा सरावगी स्वाति सरावगी द्वारा निवेदित किया जायेगा। मगही पान सेवा सुभाष पोद्दार रौनक पोद्दार मुकेश बरनवाल द्वारा अर्पित किया जायेगा। गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल एवं एक श्याम भक्त द्वारा निवेदित की जायेगी। पंचमेवा भोग की सेवा सच्चिदानंद लाल एवं खुशबू के द्वारा निवेदित की जायेगी। नवीन पोशाक की सेवा शारदा हर्ष उत्कर्ष लोहिया द्वारा निवेदित की जायेगी। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में बन रही मेवा केक को रात्रि में काटा जायेगा। रात्रि में बाबा की अखंड ज्योत होने के साथ भजनों की अनुपम गंगा कानपुर से आ रहे राज रस्तौगी द्वारा मीठे-मीठे भजनों से रिझाया जायेगा। सर्वप्रथम मंडल के सदस्यों द्वारा शुरुआत के सभी देवी देवताओं का भजन गाया जायेगा। भक्तों के लिए ज्योत में आहुति देने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी श्याम प्रेमियों को इस पावन दिवस में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।


## Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **AJSU PARTY**
Name of Election : **JHARKHAND STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**
Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | **24 – Mandu** | **Shri Nirmal Mahto** | Chief Judicial Magistrate, Ramgarh G.R. Case No.1303 /2011arising out of Ramgarh PS Case No.122/2011 Stage: Evidence | Offence u/s 147, 148, 149, 114, 448, 427 IPC (Offence related to unlawful assembly and rioting) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Additional Chief Judicial Magustrate, Ramgarh G.R. Case No.710/2016 arising out of Mandu PS Case No. 186/2016 Stage: Appearance | Offence u/s 147, 148, 149, 114, 448, 427 IPC(Offence related to unlawful assembly and rioting) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. Piyesha Singh Sardar 1st Class J.M., Ramgarh, G.R. Case No. 561/2017 arising | Offence u/s 419, 420, 467, 468, 471, 120(B), 34 IPC (Offence related to | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | out of Patratu PS Case No.140/2017 Stage:Appearance Smt. Pratima Oraon, J.M. Ramgarh G.R. Case No. 583/ 2022 arising out of Ramgarh PS Case No. 415/2020 Stage: Appearance | cheating and forgery) Offence u/s385, 387, 34 IPC (Offence related to fear of injury to commit extortion) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. Pratima Oraon, J.M. Ramgarh G.R. Case No. 55/2021 arising out of Ramgarh PS Case No. 279/2020 Stage: Appearance | Offence u/s 147 269, 270, 271 IPC & u/s 2, 3, 4 of the Epidemic Disease Act (Negligent Act Likely to Spread Infection of DiseaseDangerous) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | SDJM, Ramgarh G.R. Case No. 927/2020 arising out of Ramgarh PS Case No. 278/2020 Stage: Evidence | Offence u/s 148, 149, 385, 387, 379, 427, 504, 506 IPC (Offence related to unlawful assembly, rioting and ors.) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. S. S. Minze, J.M., Hazaribagh G.R. Case No. 4261/2013 arising out of Giddi PS Case No. 68/2013 Stage: Appearance | Offence u/s 341, 323, 34 IPC (Offence related to Wrongful Restraint & Voluntarily Causing Hurt) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Ms. Priyanka Chopra, JM Hazaribagh G.R. Case No.1529/ 2023 arising out of Giddi PS Case No. 109/2022 Stage: Appearance | Offence u/s 341, 323, 353, 504, 506, 34 IPC(Offence related to Wrongful Restraint, Voluntarily Causing Hurt & Assault) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | ACJM, Tenughat Nawadih P.S. Case No. 66/2023 Stage: Appearance | Offence u/s 353, 171C, 171F, 34 IPC (Offence related to undue influence at elections) | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | Smt. S. S. Minze, J.M., Hazaribagh Giddi PS Case No. 69/2013 Stage: Appearance | Offence u/s 147, 148, 149, 323, 341, 504 IPC (Offence related to Wrongful Restraint) | **NA** | **NA** | **NA** |

**Sd./-**
**AJSU PARTY**
**JHARKHAND**

# गुमला में पीएम मोदी को देखने-सुनने के लिए उमड़े लोग

**आफताब अंजुम/ सुधाकर**





**गुमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुमला के हेलिपैड स्थित मैदान में आयोजित विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राज्य के विकास और भाजपा सरकार की योजनाओं को स्पष्ट किया। अपनी भाषण की शुरुआत उन्होंने झारखंडी जोहार और स्थानीय नागपुरी भाषा में की और 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ सभा में उपस्थित जनसमूह से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने सभा में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर कहा कि झारखंड में सत्ता की हवा पूरी तरह बदल चुकी है।

**झारखंड में हवा का रुख बदल चुका है :** प्रधानमंत्री मोदी ने सभा में अपने संबोधन में कहा, इस भूमि पर माता अंजनी और वीर बजरंगबली का आशीर्वाद है। मुझे आप सभी जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है और यह सौभाग्य अब समग्र वोट में बदलकर झारखंड के विकास की नई दिशा तय करेगा। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान देखी गयी भारी भीड़ का जिक्र करते हुए कहा, जहां-जहां भी गया, वहां की भीड़ ने पुराने रैलियों के रिकॉर्ड तोड़े हैं। गुमला में तो इतनी बड़ी संख्या में लोग उमड़े हैं कि सीमा अंकन के बाद भी हमारी आवाज भी नहीं पहुंच पा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता की आवाज एक ही है रोटी, बेटी और माटी की पुकार। उन्होंने यह भी कहा कि यह सभा यह साफ दशार्ती है कि झारखंड के लोग भाजपा सरकार की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं और उनका समर्थन भाजपा को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं को दोहराते हुए कहा, बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है और इस बार उनकी 120वीं जयंती मनायी जा रही है। हम पूरे देश में इसे जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम पर अंडमान में द्वीप का नामकरण किया है, और वहां लोग उनके शौर्य को नमन करने आते हैं। आदिवासी समुदाय के लिए सरकार द्वारा की गयी पहल को रेखांकित करते हुए कहा, राजनीति में आने से पहले मैंने आदिवासी भाई-बहनों के साथ जीवन का बड़ा हिस्सा बिताया है। मैं उनकी मेहनत, ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता का कायल हूं। यही वजह है कि भाजपा सरकार में बड़ी संख्या में आदिवासी मंत्री हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने असुर, कोरवा, बृजिया, बिरहोर, परहैया जैसी पिछड़ी जनजातियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पहले इन जनजातियों के विकास के लिए किसी ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन मोदी जी ने उनकी परवाह की है। अब 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा समेत देशभर के हजारों गांवों का कायाकल्प किया जायेगा, ताकि इन जनजातियों का विकास हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी भलाई के लिए कार्यरत है।

प्रधानमंत्री ने गुमला के रागी उत्पादकों के लिए विशेष योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा, रागी जैसे पारंपरिक कृषि उत्पादों के विकास से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधर सकती है, बल्कि यह स्थानीय खाद्य संस्कृति और पोषण को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा, गुमला जैसे क्षेत्रों में कृषि आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए रागी को क्षेत्रीय कृषि नीति में महत्वपूर्ण स्थान दिया जायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने रागी के उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और गुमला के किसानों को रागी के उत्पादों का सही मूल्य दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने की बात कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस भाषण ने गुमला में भाजपा की विकास योजनाओं के प्रति समर्थन और विश्वास को और भी मजबूत किया है।

## केंद्र ने किसानों, महिलाओं और गरीबों के लिए कई योजनाएं दी हैं : केदार कश्यप

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**तोरपा।** तोरपा विधान सभा क्षेत्र के सुंदारी गांव में किसान मोर्चा का सम्मेलन किया गया। सम्मेलन को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार ने किसानों, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं दी है, सबका साथ सबका विकास के साथ काम हो रहा है, भाजपा के पक्ष में मत देने की अपील की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह चुनाव झारखंड के विकास के लिए हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 तारीख को कमल निशान पर बटन दबाकर झारखंड में सरकार बदलना है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनानी है। प्रदेश महामंत्री अजय मुंडा ने कहा कि भाजपा की सरकार ही राज्य का हित कर सकती है। इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना है। भाजपा खूंटी जिलाध्यक्ष सचिदानंद गुप्ता ने केंद्र की योजनाओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा संतोष त्रिपाठी ने किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराज बडाइक, धानंजय सिंह, प्रभारी प्रदीप साहू, संजय नायक, गनझु प्रधान, विरेंद्र यादव, दुर्ग विजय सिंह सहित हजारों की संख्या में मातायें-बहने, बंधु जन उपस्थित थे।

## विकास कुमार मुंडा को भारी मतों से विजयी बनायें : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**


तमाड़ विधानसभा के मुरपा में जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

**तमाड़।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तमाड़ विधान सभा अंतर्गत तमाड़ के मुरपा मैदान में जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं को चला रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने कठिन परिस्थितियों में सरकार चलाया और ढाई साल कोरोना जैसी समस्या को झेला। जब सरकार ठीक ढंग से चलने लगा तो मुझे जेल भेज दिया गया और समय से पहले चुनाव कराकर यह साफ साबित हो गया कि झारखंड की जनता के हित में कार्य न कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके यहां एक हत्यारा चुनाव लड़ रहा है, जो कुछ दिन पहले जेल में बंद था। वैसे लोगों से आप लोगों को बचाना चाहिए। आप ऐसे लोगों को चुने जो की सदैव आपके दुख-सुख में खड़ा रहे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शहीद रमेश सिंह मुंडा के सुपुत्र विकास कुमार मुंडा को तीर धनुष छाप पर मोहर लगाकर विजयी बनायें, और झारखंड में झामुमो की सरकार बनाने में मदद करें। इस अवसर पर जेएमएम के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित विधायक विकास कुमार मुंडा उनकी धर्मपत्नी मंच पर उपस्थित थी। इससे पूर्व सभा को विकास कुमार मुंडा ने भी संबोधित किया।

## केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने राजा पीटर के लिए मांगा वोट




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** एनडीए गठबंधन के जदयू कार्यालय में भारत सरकार के केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री रामनाथ ठाकुर पहुंचे और जदयू प्रत्याशी गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर के पक्ष में जनता से वोट देने का अपील किया। उन्होंने ने कहा कि तमाड़ विधानसभा का विकास राजा पीटर के द्वारा ही किया जा सकता है इसलिए राजा पीटर के पक्ष में ही मतदान करें। इस अवसर पर रोशन महतो, पूर्व आजसू प्रत्याशी राम दुर्लभ सिंह मुंडा, बंटी सिंह मुंडा, भाजपा युवा जिला अध्यक्ष विवेकानंद जायसवाल, रंजीत लाहेरी, आलोक दास, संतोष जायसवाल, विरेन प्रसाद, शुभम कुमार उर्फ गोलू, सुबोध मुखर्जी, राजकुमार महतो, राजेश उरांव, चंदन मछुआ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुरेश बैठा के पक्ष में रैयत विस्थापित मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** कांग्रेस एवं महागठबंधन के कांके विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुरेश बैठा के पक्ष में रैयत विस्थापित मोर्चा ने एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के नेतृत्व में खलारी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने मोहननगर, ओड़िया बैरक, चंदन धौड़ा, बर टोला और टिकेतरी गांव में घर घर जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता के लिए काफी काम किया है और कई जन कल्याण कारी योजनाएं चलायी थी। इसलिए इस बार भी झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी सुरेश बैठा को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजना होगा। इस मौके पर रामलखन गंझू, जगरनाथ महतो, इंदिरा देवी, नीलू देवी, फूलो देवी, रमेश चौहान, अखिलेश साव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीपीआइ प्रत्याशी संतोष कुमार रजक ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मैकलुस्कीगंज।** सीपीआई के कांके विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार रजक ने मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में जनसपंर्क चलाया और अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। प्रत्याशी संतोष कुमार रजक ने अपने समर्थकों के साथ मैकलुस्कीगंज, नावाडीह, हेसालोंग, लपरा, दुल्ली, केदल, खलारी बाजारटाड में जनसंपर्क अभियान चलाया और हसुवा बाली छाप पर वोट देने की अपील की है। इस जनसंपर्क अभियान में झारखंड आंदोलनकारी के सदस्य भी शामिल हुए। इस जनसंपर्क में बजरंगी प्रजापति, मटन गंझु, जगदीश गंझु, पुष्कर महतो किशोर खंडित, शंकर मुंडा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## राय में ग्रामीणों ने रोका सड़क निर्माण कार्य, घटिया सामग्री लगाने का आरोप



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड अंतर्गत राय बस्ती में डीएमएफटी फंड से राय बाजार में तुलसी भुईयां के घर तक बन रहे सड़क की ढ़लाई कार्य को ग्रामीणों ने बंद करा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पीसीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क को उंचा करने का भी विरोध कर रहे हैं। शनिवार को ठेकेदार द्वारा जैसे ही सड़क पर ढ़लाई के लिए सामग्री गिराना शुरू हुआ वैसे ही काफी संख्या में बस्ती की महिलाओं ने विरोध करते हुए काम को बंद करा दिया।


**प्रारूप C-1**

**आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार

(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम :- **उमेश कुमार भारती**

राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय**

निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **27-चतरा**

मैं **उमेश कुमार भारत** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी चतरा | सदर थाना कांड सं. 45/2022 | विचाराधीन | 147/ 188 |
| 2. | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी चतरा | सदर थाना कांड सं. 345/2022 | विचाराधीन | 147/148/149/189/341/342/ 323/324/325/353/307/382/ 427/332/333/500/504/506 |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

ह0/-
**उमेश कुमार भारती**
निर्दलीय
27- चतरा, झारखण्ड विधानसभा 2024



**प्रारूप C-1**

**आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार

(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम :- **भूषण तिर्की**

राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**

निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **68, गुमला (अ.ज.जा)**

मैं **भूषण तिर्की** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 31 श्री सार्थक शर्मा स्नेह एम.पी.एम. एल. राँची | गुमला थाना कांड सं.184/16 | वास्ते अन्य स्थिति अभि0 के उपस्थिति | धारा 188/144 भ.द.वी. |
| 2. | 31 श्री सार्थक शर्मा स्नेह एम.पी.एम. एल. राँची | गुमला थाना कांड सं.421/16 | वास्ते आरोप गठन | धारा 143/144/145/342 323/353 भ.द.वी. |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

ह0/-
**भूषण तिर्की**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
68- गुमला, झारखण्ड विधानसभा 2024

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## मुख्यमंत्री ने नामकुम में राजेश कच्छप के पक्ष में की जनसभा

# जनता को गुमराह करने में भाजपा अव्वल: हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को नामकुम प्रखंड के लालखटंगा पंचायत अंतर्गत भुसूर मैदान में खिजरी विस से आइएनडीआइए गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हमारी सरकार ने काम करना शुरू किया तो भाजपा वालों ने सरकार को अस्थिर करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। झूठे आरोप लगाकर मुझे जेल भेज दिया। जब हमारी सरकार जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं ला रही थी, तो चुनाव आयोग की मदद से एक महीना पहले ही विधानसभा चुनाव की घोषणा करवा दी। कोरोना काल में हमने हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से घर लाया। केंद्र की भाजपा सरकार ने अचानक नोट बंदी कर देश को बर्बाद कर दिया। राज्य में गोगो दीदी योजना और 500 रुपया में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। ये योजना कैसे देगें। इनकी सरकार असम, गुजरात, बिहार में है। वहां क्यों नहीं देते। कहा कि मणिपुर में महिलाओं का चीरहरण हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री चुप बैठे है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक राजेश कच्छप को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, झारखंड के दिशुम गुरु शिबू सोरेन और लालू यादव ने आशिर्वाद दिया है। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और बिजली माफी जैसे योजनाओं से लोगों को आर्थिक बोझ से निजात मिल रही है। आने वाले समय में महागठबंधन की सरकार महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देगी। उन्होंने लोगों से राजेश कच्छप को भारी मतों से विजयी बनाकर फिर से राज्य में गठबंधन सरकार बनाने की अपील की। वहीं, खिजरी प्रत्याशी राजेश कच्छप ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, कांग्रेस के रांची जिला उपाध्यक्ष रमेश पांडेय, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, संतोष कुमार बड़ाईक, नरेश भरद्वाज, अर्चना मिश्रा, विजय टोप्पो, महादेव मुंडा, माधो कच्छप, मेरी तिर्की, मीनू सिंह, बिरु साहू, नन्हे कच्छप, चामु बेक, अनु बेक, कल्याण लिंडा, रंजीत बड़ाईक, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि मौजूद थे।


राजेश कच्छप के समर्थन में चुनावी जनसभा करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## आदिवासियों की इतनी ही चिंता है तो भाजपा सरना कोड पारित करके दिखाये : कल्पना

### कहा- जल जंगल जमीन की वर्षों की लड़ाई जारी रहेगी

- लापुंग में गांडेय विधायक ने कांग्रेस के लिए किया चुनावी रैली, जम कर गरजीं
- लापुंग में डिग्री कॉलेज बनेगा : शिल्पी नेहा तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के पक्ष में रविवार को लापुंग प्रखंड में आयोजित चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली। कहा कि झारखंड में चुनाव देख केंद्र से बड़े-बड़े मंत्री आकर आदिवासियों की चिंता कर रहे हैं। अगर उन्हें आदिवासियों की इतनी ही चिंता है तो सरना कोड पारित करके दिखाइए। कहा कि हमारी सरकार ने मंइयां योजना, अबुआ आवास, 50 वर्ष में आदिवासियों को वृद्धा पेंशन देने का काम किया है। वहीं, दिसंबर महीने के बाद मंईयां योजना की राशी बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया जाएगा। अपने मांडर विधानसभा की बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को हाथ छाप में वोट देकर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें। वहीं, शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार बनते ही मांडर विधानसभा के सभी प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोला जाएगा। झारखंड में विपक्ष भाजपा के नेताओं की गलत मंशा है। यहां की खनिज संपदा पर उनकी नजर पड़ गई है। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार फिर से बनी तो जन वितरण प्रणाली से प्रति व्यक्ति 5 किलो मिलने वाला राशन को बढ़ाकर सात किलो कर दिया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान बंधु तिर्की ने भी भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली। मौके पर नकुल सिंह, संतोष तिर्की, जन्मेजय पाठक, सुमित कुमार, जयंत बारला, सुदामा महली, लखन साहू आदि मौजूद थे।



## Format C 2

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (PublicInterest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party: **AJSU PARTY**

* Name of Election : **JHARKHAND STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**

Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| **1** | **34–Gomia** | **Shri Lambodar Mahto** | **JMFC - Spl Judge MP/MLA Case, Ranchi<br><br>MP/MLA Case No. 5/2023 arising out of Lalpur P.S. Case No. 201/2021<br><br>Stage: Police Paper** | **Offence u/s 147, 149, 341, 323, 332, 353 IPC (Case relating to Unlawful Assembly, Unlawful Restraint Rioting etc.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **JMFC - Spl Judge MP/MLA Case, Ranchi<br><br>Nagari P.S. Case No. 36/2022<br><br>Stage: Under Investigation** | **Offence U/s 143, 149, 341, 323, 186, 188, 353 IPC<br><br>(Offence related to Wrongful Restraint & disobedience of publicservant orders)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **ADJ – III cum Spl Judge SC ST Act, Bokaro<br><br>Sector 4 SC/ST P.S. Case No. 23/2023<br><br>Stage:Under Investigation** | **Offence u/s 323, 504, 506, 34 IPC 3(1)(R) of the SC/ST ((Prevention of Atrocities) Act, 1989) Act. (Offence related to voluntarily causing hurt and criminal intimidation)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **JMFC, Tenughat Kasmar P.S. Case No. 135/2022 Stage: Under Investigation** | **Offence u/s 341, 323, 427, 507, 506, 34 IPC (Offence related to Wrongful Restraint)** | **NA** | **NA** | **NA** |

# मुस्तफा अंसारी ने राजेश कच्छप के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजद के पूर्व प्रदेश प्रवक्त सह सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में रविवार को खिजरी विधानसभा अंतर्गत अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में आइएनडीआइए महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप के पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान हेसल महेशपुर, बगान टोली, गांधीग्राम, गेतलसूद, बलौरा, जराटोली, बनादाग, कुच्चू, हुंडरू, सिकिदिरी, नवागढ़, बुटगोड़ा, ओवर, बदरी आदि गांवों में घर-घर कैंपेन कर राजेश कच्छप को एक बार फिर से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर मुस्तफा अंसारी ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार ने गरीब, मजदूर, किसान, महिला, युवा सहित हर तबके का ख्याल रखते हुए कई ऐतिहासिक फैसले लिए जिसका सीधा लाभ उन्हें प्राप्त हुआ। मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, कृषि ऋण माफी, बिजली बिल माफी आदि कई कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर लागू की गई। इस मौके पर इब्राहिम अंसारी, अख्तर हुसैन, रामनाथ करमाली, मुस्लिम फैजी, असगर बेदिया, जीतवाहन भोगता, नागेश्वर बेदिया, सफीउल्लाह अंसारी, अरुण सिंह, विशेश्वर बेदिया, राजकुमार बेदिया, ब्रजेश बेदिया, लालमोहन, गोवर्धन, महावीर, चैती, रूपन और मैनी देवी आदि उपस्थित थे।



## मतदान के लिए मारुति मंगल परिवार ने किया जागरूक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्य लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। रविवार को भी मारुति मंगल परिवार के सदस्य मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि मताधिकार की अपनी ताकत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश कुजूर, बसंत टॉपवार, जितपहान प्रजापति, अजय जोगी, संजय कुमार, भोला कोइरी, मदन कुमार, कामेश्वर बेदिया, अमरनाथ भोगता, बालकिशोर मुंडा, निरंजन गोप, जयप्रकाश उरांव, पवन कुमार, सुरेश उरांव, रवि बड़ाइक, इटवा उरांव, मुनेंद्र लोहरा, मनोज मिस्त्री, विनोद राम, दीनदयाल विश्वकर्मा, रघुवीर मुंडा, बंटी सिंह राजपूत, अंबुज रजक, धनंजय प्रामाणिक, सुरेश कोइरी आशीष प्रामाणिक, दीपक उरांव, बुद्धिनाथ गोप, राजू बैठा का योगदान रहा।

## गोपाष्टमी पर श्री कृष्ण प्रणामी का 175वां भंडारा



**रांची (आजाद सिपाही)।** गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर श्रीकृष्ण प्रणामी का 175वां भंडारे का वितरण किया गया। बैंकट कविता गाड़ोदिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से 1100 श्रद्धालुओ के बीच पूड़ी, सब्जी, पुलाव एवं खीर का वितरण किया गया। इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, बिष्णु सोनी, सुरेश अग्रवाल, शिव अग्रवाल, पवन पौद्दार, ओम प्रकाश सरावगी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, हरीश साहू, चंद्रदिप साहू, महेश वर्मा, परमेश्वर साहू, विधा देवी अग्रवाल, कविता गाड़ोदिया, संतोष देवी अग्रवाल उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

## नामकुम में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम-पुरुलिया रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के समीप रविवार को भाजपा का चुनावी कार्यालय खोला गया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन के पक्ष में एकजुट होकर जीत के लिए काम करने की बात कही गयी। वहीं, मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता से चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार करने की बात कही। इस मौके पर लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी, झारखंड आंदोलकारी सह भाजपा नेता रिंकू सिंह, नीता शर्मा, गोपाल लोहिया, अशोक गोप, रघुनाथ गोप, लाल सिंह मुंडा, धमेंद्र सिंह, जुगनू साहू, जोगिंदर महतो, सूरज राम आदि उपस्थित थे।

## तीन किलो अफीम के साथ एक गिरफ्तार

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के चाय बगान के पास अभियान चलाकर पुलिस की उड़न दस्ता टीम ने एक कार से तीन किलो अफीम जब्त किया। लगे हाथ कार में सवार दुलमी निवासी सुधीर प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो फोन, एक की पैड फोन, पीतल का तराजू, 12470 नकद, लेडिज पर्स आदि जब्त किया। वहीं, जांच टीम में प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, एएस आई रामकुमार टूडू एवं आरक्षी दल शामिल थे।

## रातू के पंडरा में कुआं से किसान का शव बरामद

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंडरा स्थित लखन उरांव के कुआं से रविवार की सुबह 10 बजे एक व्यक्ति का शव बरामद किया। उसकी पहचान पंडरा निवासी अक्कु तिर्की (55) के रूप में हुई। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर रांची के रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। उधर, मामले को लेकर पीड़ित परिवार की ओर से रातू थाने में यूडी केस दर्ज कराया गया है। परिजनों के मुताबिक अक्कु 7 नवंबर से लापता था।

## परिजनों को दी मदद

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के नेवरी निवासी पंगु महली की मौत विगत दिनों हो गई थी। रविवार को समाजसेवी राहुल राज ने पीड़ित परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया और अपनी ओर से खाद्य सामग्री देकर की मदद की।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रांची में रोड शो : रांची, हटिया, कांके और खिजरी विधानसभा को साधा

# गोधूलि वेला में हुआ आगमन, जयघोष से गूंजा वातावरण

**उमड़ा जनसैलाब, 'मोदी-मोदी', 'जय श्रीराम', 'भारत माता की जय' के लगे नारे**

प्रशांत झा

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गोधूलि वेला में रांची पहुंचे। मौका था रोड शो का। रांची के ओटीसी ग्राउंड के पास खुले वाहन पर मोदी चढ़े। यहां जयघोष से पूरा रातू रोड का वातावरण गूंज उठा। रातू रोड चौराहे पर यह गूंज मोदी के वाहन से उतरने पर ही समाप्त हुआ। सवा तीन किलोमीटर के रास्ते में 'मोदी-मोदी', 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' जैसे नारे एक मिनट के लिए भी बंद नहीं हुए। ढोल-नगाड़े की आवाज इन नारों में ताल बिठाने का काम कर रही थी। मोदी हाथ में भाजपा के कमल चिह्न वाला टॉर्च (लाइट) लिये लोगों का अभिवादन कर रहे थे। लोग भी अपने-अपने मोबाइल की लाइट जला कर उनके अभिवादन का जवाब दे रहे थे।

**13 नवंबर के लिए चार विधानसभा क्षेत्रों को साधा:** रांची लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, सिल्ली और इचागढ़ आता है। इनमें से चार विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके और खिजरी में 13 नवंबर को मतदान है। मोदी ने पहले चरण के इन चारों विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को साधा। रोड शो में वाहन पर प्रधानमंत्री के साथ कुछ देर रांची के भाजपा उम्मीदवार सीपी सिंह और हटिया के नवीन जायसवाल थे। वहीं राह में कुछ देर कांके से भाजपा उम्मीदवार जीतू चरण राम और खिजरी से राम कुमार पाहन मौजूद थे।

**चौथी बार हुआ है रोड शो:** रोड शो रातू रोड चौराहे पर शाम 6.20 बजे समाप्त हुआ। वहां से प्रधानमंत्री का काफिला रांची एयरपोर्ट की तरफ बढ़ गया। वहां से वह विशेष विमान से दिल्ली चले गये। प्रधानमंत्री का रविवार को रांची में चौथा रोड शो था। उनका रांची में पहली बार रोड शो वर्ष 2019 में हुआ था। दूसरी बार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर वर्ष 2023 में और तीसरी बार लोकसभा चुनाव के समय 2024 में उन्होंने रोड शो किया था। रविवार को हुए रोड शो में रांचीवासियों ने एक बार फिर दिखा दिया कि मोदी का आकर्षण प्रेम किसी तरह से कम नहीं हुआ है।



### उमड़ा जनसैलाब, छत से सड़क तक लोग ही लोग

प्रधानमंत्री की झलक पाने और स्वागत के लिए क्या सड़क और क्या छत, जिसे जहां जगह मिली, वहीं खड़ा हो गया। रातू रोड में एक तरफ से मोदी के काफिले को आना था, दूसरी तरफ लोगों को खड़े होने की व्यवस्था की गयी थी। सड़क की चारों तरफ से बैरिकेडिंग कर दी गयी थी। जहां लोगों को खड़े होने की व्यवस्था की गयी थी, वहां तक जाने के लिए मेटल डिटेक्टर और सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ रहा था। सड़क के बीच में भी बैरिकेडिंग थी। सड़क के एक तरफ लोग खड़े थे, दूसरी तरफ से मोदी का काफिला चलना था। सड़क पर जन सैलाब उमड़ पड़ा था। रातू रोड में सड़क किनारे और घरों और दुकानों की छत पर लोगों की भीड़ लगी थी। चारों तरफ भाजपा का पोस्टर-बैनर लगा हुआ था। मोदी की तस्वीर वाले होर्डिंग लगे हुए थे। लोग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार थे। दोपहर बाद से ही लोग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए इकट्ठे होने लगे थे। आसपास की कौन कहे, बरियातू, लालपुर, ओरमांझी, डोरंडा समेत कई इलाकों से लोग वहां पहुंचे थे।

### फूलों की वर्षा और 'मोदी-मोदी' से स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सवा तीन किलोमीटर तक रोड शो किया। वह करीब 5.15 बजे रांची पहुंचे। रोड शो की शुरुआत ओटीसी ग्राउंड से हुई। पीएम का काफिला वहां से पिस्का मोड़ और मेट्रो गली से होते हुए रातू रोड की तरफ बढ़ा। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कई जगहों पर फूलों की वर्षा भी की गयी। मोदी के काफिले की लाइट की रोशनी दूर से देखते ही 'मोदी-मोदी', 'जय श्रीराम', 'अबकी बार भाजपा सरकार', 'भारत माता की जय' जैसे नारे की आवाज तेज होती जा रही थी। पास पहुंचने पर मोबाइल से तस्वीर खींचने की होड़, अपनी ओर प्रधानमंत्री को आकर्षित करने के लिए तेज आवाज में नारा शुरू हो जा रहा था।



## रांची प्रशासन कर रवैया असहयोग का था, इसके बावजूद सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब : संजय सेठ



**प्रशासन ने रांची के कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं को रोका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रातू रोड में आयोजित अभूतपूर्व रोड शो के लिए रांची की जनता के प्रति आभार जताया।

कहा कि जिस तरह रातू रोड में लाखों लोग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में खड़े थे। जो जन सैलाब सड़कों पर दिखा, जो प्रेम और प्यार रांची की जनता ने दिखाया यह अभूतपूर्व था। सैकड़ों जगह महिलाओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री की आरती उतारी गयी। पुष्प वर्षा की गयी।

परंपरागत झारखंडी नित्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इसके लिए देश के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने सभी के प्रति अभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।






# बाल विवाह प्रथा का पूर्ण उन्मूलन आवश्यक

समाज सुधारकों के अनथक प्रयासों एवं सरकारों द्वारा व्यापक जन-जागृति फैलाने के बावजूद, हमारे समाज का एक वर्ग आज भी पुरातन कुप्रथाओं से पूर्ण रूपेण मुक्त नहीं हो पाया। इसी कड़ी में शामिल है बाल विवाह प्रथा, जो कानूनन निषेध होने के बावजूद देश के विभिन्न भागों में विद्यमान है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अनुसार आज भी देश के लगभग साढ़े 11 लाख बच्चों पर बाल विवाह का संकट मंडरा रहा है। रिपोर्ट के तहत वर्ष 2022 के दौरान देश में एक हजार से अधिक बाल विवाह के मामले सामने आये। अप्रत्यक्ष प्रकरण जुड़ने पर संभवतः सूची और लंबी हो जाये! एक बड़ी जनसंख्या वाले भारत के समक्ष भले ही यह संख्या मामूली प्रतीत हो, किंतु देश के प्रगतिशील बुद्धिजीवियों को अवश्य झकझोरती है। बाल विवाह न केवल देश के सर्वांगीण विकास में एक बड़ा अवरोधक है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा एवं अधिकार सुनिश्चित कर रहे निकायों के लिए भी महत्वपूर्ण चुनौती है। भारतीय समाज में प्रचलित कुप्रथा के मद्देनजर देखें तो बाल विवाह के विरुद्ध लंबे संघर्ष की एक अलग ही गाथा है। समाज सुधारकों के अतुलनीय योगदान के फलस्वरूप संभव हुई जनजागृति की लहर के प्रसार से जहां स्थिति बेहतर होने की उम्मीद जगी, वहीं कानूनी स्तर पर बाल विवाह प्रतिबंधित घोषित किये जाने से भी सुधार की संभावनाएं प्रबल हुईं। बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम 1929 में पारित हुआ, जिसे 1 अप्रैल, 1930 से देश भर में लागू किया गया। विशेष विवाह अधिनियम, 1954 एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के आधार पर विवाह योग्य न्यूनतम आयु बालिकाओं के लिए 18 वर्ष और बालकों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गयी। 1949, 1978 तथा 2006 में समयानुकूल संशोधन होते गये। बाल विवाह कुप्रथा की भुक्त भोगी बालिकाओं का प्रतिशत 1993 में 49 से घट कर 2021 के दौरान 22 फीसदी तक आना तथा कम वय में बालकों के विवाह का प्रतिशत 2006 के 7 फीसदी से घट कर 2021 में 2 फीसदी पर पहुंचना, यद्यपि इस दिशा में किये जा रहे प्रयत्नों के संदर्भ में एक उल्लेखनीय प्रगति है, तथापि वर्ष 2016 से 2021 के मध्य बाल विवाह समाप्ति की ओर उन्मुख प्रयासों में उदासीनता दृष्टिगोचर होना निःसंदेह निराशाजनक है। ताजा आंकड़े स्पष्ट गवाह हैं कि मंजिल फतह करने में अभी कई पड़ाव शेष हैं। घोर आश्चर्य होता है, जब तुलनात्मक आधार पर साक्षरता का स्तर ऊंचा होने पर भी दक्षिण स्थित कर्नाटक, तमिलनाडु सरीखे राज्यों की गणना बाल विवाह प्रकरणों में शीर्षस्थ 3 राज्यों में की जाये, जहां यह पर्याप्त जन-जागरूकता का अभाव दर्शाता है।

**बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम 1929 में पारित हुआ, जिसे 1 अप्रैल, 1930 से देश भर में लागू किया गया। विशेष विवाह अधिनियम, 1954 एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के आधार पर विवाह योग्य न्यूनतम आयु बालिकाओं के लिए 18 वर्ष और बालकों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है, जहां 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएं हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घट कर केवल 40 रह गयी है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है।**

# भारतीय रेलवे : पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित



**एके खंडेलवाल**




भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गयी है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गयी योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल-यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आंकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहां अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं। सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है, जहां 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएं हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घट कर केवल 40 रह गयी है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है।

रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्योहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुंच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2% लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आंकड़ा 0.58% और अमेरिका में मात्र 0.09% है।

**भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023-24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर और अंडर-ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जायेगा।

**यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना-रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिजाइन इस तरह किया गया है कि यह रेल के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की संभावना को कम करता है।**

रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक ह्यप्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्या (एपीएमटीके) है, जो 2000-01 में 0.65 से घट कर 2023-24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रख-रखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रख-रखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां 2013-14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़ कर 1,667 हो गयी है। इसके अतिरिक्त परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है, जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है।

यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़ कर रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024-25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आयेगी।

इन परिणामों को बनाये रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस- आधारित फॉग-पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गयी है, जो 2014-15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गयी है।

लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाये गये हैं, जिनकी संख्या 2013-14 में 10,000 से बढ़ कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड-गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियां स्थापित की गयी हैं।

लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने प्रारंभिक, प्रगति-उन्मुख, पुनः अभ्यास और विशिष्ट जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना-रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिजाइन इस तरह किया गया है कि यह रेल के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की संभावना को कम करता है। टक्कर के दौरान एक-दूसरे पर चढ़ने से बचने के लिए इन्हें इस प्रकार से बनाया गया है कि ये 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पर भी सुरक्षित तरीके से परिचालित हो सकें। इसकी उत्पादन संख्या में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोच बनाए गए हैं, जो 2013-14 के 2,467 से दोगुने से भी अधिक हैं। इन सभी प्रयासों से भारतीय रेलवे पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो गयी है। यात्री सुरक्षा और रेलवे में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास इसे एक सुरक्षित और विश्वसनीय परिवहन विकल्प बनाते हैं।


**(लेखक : सेवानिवृत्त सदस्य इंफ्रा रेलवे बोर्ड, पदेन सचिव, भारत सरकार हैं।)**

## देश-विदेश और ओड़िशा की खबरें

# यूक्रेन का रूस की राजधानी मास्को पर 34 ड्रोन से हमला

- एक व्यक्ति घायल, कई उड़ानें डायवर्ट की गयीं

**एजेंसी**



**मॉस्को।** 2022 में जंग की शुरुआत के बाद यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर सबसे बड़ा हमला किया है। यूक्रेन ने मॉस्को को 34 ड्रोन से निशाना बनाया है। इस हमले की वजह से मॉस्को के तीन बड़े एयरपोर्ट से कई फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा है। इस हमले में किसी तरह के जान-माल की हानि नहीं हुई है, हालांकि एक व्यक्ति घायल हुआ है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने हमले को लेकर बयान भी जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के 34 ड्रोन्स को मार गिराया है और हमले को नाकाम कर दिया है। रूस ने यूक्रेन के इस हमले को आतंकवादी हमला करार देते हुए जवाबी कार्रवाई की बात कही है।

**रूस के केमिकल प्लांट पर भी यूक्रेन का हमला :** यूक्रेन ने शनिवार को दावा किया था कि उसने शुक्रवार देर रात रूस के पश्चिमी शहर तुला में एक केमिकल प्लांट को निशाना बनाया है। यूक्रेन की स्पेशल ऑपरेशन फोर्स रइव ने कहा कि उसने हमले में 13 ड्रोन का इस्तेमाल किया था। हमले के बाद केमिकल प्लांट पर विस्फोट हुआ और धुएं का गुबार छा गया। इस प्लांट पर रूसी सेना के लिए गोला-बारूद बनाया जाता है। हमले के बाद प्लांट से नारंगी रंग का धुआं निकलता दिखा।

# जगन्नाथ धाम से तीन अन्य धामों के लिए सुपर प्रीमियम लग्जरी बस चलेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** नये साल से पहले जगन्नाथ धाम से देश के अन्य तीन धामों के लिए सुपर प्रीमियम लग्जरी बस चलेगी। तीर्थयात्री वातानुकूलित लक्जरी बसों में कम लागत पर विभिन्न गंतव्यों की यात्रा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री 12 तारीख को पहले चरण में पुरी से अयोध्या और तिरूपति के लिए बस सेवा का शुभारंभ करने जा रहे हैं। अत्याधुनिक प्रीमियम लक्जरी ओएसआरटीसी बसें जगन्नाथ धाम पुरी से अन्य तीन धामों तक चलेंगी। स्लीपर और सेमी-स्लीपर दोनों श्रेणी की बसें जीपीएस, विशेष अग्नि सुरक्षा प्रणाली और वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस या वीएलटीडी प्रणाली से सुसज्जित हैं। यदि किसी भी यात्री को किसी भी समय किसी भी समस्या का सामना करना पड़ता है तो यह तुरंत राज्य ओएसआरटीसी के मुख्य कार्यालय और नियंत्रण कक्ष को एक संदेश भेजेगा।

पहली बार 4 धाम के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने के लिए 80 वॉल्वो बसें खरीदी गयी हैं। इन बसों को जगन्नाथ धाम पुरी से उत्तराखंड के बद्रीनाथ, गुजरात के द्वारकानाथ और तमिलनाडु के रामेश्वरम तक नए साल से पहले चलाने की योजना है। मुख्यमंत्री अगले महीने की 12 तारीख को पुरी मालतीपाटर बस स्टैंड से वर्चुअल मोड पर चार धाम बस सेवा का शुभारंभ करेंगे। पहले चरण में पुरी से अयोध्या धाम और पुरी से तिरुपति तक अत्याधुनिक बस सेवा शुरू की जायेगी। बाद में बाकी दो धामों और मथुरा, बृंदावन जैसे देश के अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए भी बसें चलायी जायेंगी।

इतना ही नहीं, राज्य के 15 जिलों के लिए ये लग्जरी बसें भी चलेंगी और इन बसों में तीर्थयात्रियों और महिलाओं के लिए टिकट की कीमत में रियायत की सुविधा भी होगी।

## आज शपथ लेंगे नये चीफ जस्टिस संजीव खन्ना

**नयी दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस बनेंगे। वे 11 नवंबर को चीफ जस्टिस पद की शपथ लेंगे। संजीव खन्ना की विरासत वकालत की रही है। उनके पिता देवराज खन्ना दिल्ली हाइकोर्ट के जज रहे हैं। वहीं चाचा हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट के मशहूर जज थे। उन्होंने इंदिरा सरकार के इमरजेंसी लगाने का विरोध किया था। साथ ही राजनीतिक विरोधियों को बिना सुनवाई जेल में डालने पर भी नाराजगी जतायी थी। 1977 में वरिष्ठता के आधार पर उनका चीफ जस्टिस बनना तय माना जा रहा था, लेकिन जस्टिस एमएच बेग को चीफ जस्टिस बनाया गया। इसके विरोध में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस्तीफा दे दिया। इंदिरा की सरकार गिरने के बाद वह चौधरी चरण सिंह की सरकार में 3 दिन के लिए कानून मंत्री भी बने थे।

## खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला हिरासत में

**ओटावा।** खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला को कनाडा में हिरासत में लिया गया है। अर्शदीप, हरदीप सिंह निज्जर का करीबी है। दरअसल 28 अक्टूबर को कनाडा के मिल्टन शहर में एक शूटआउट हुआ था। 29 अक्टूबर को वहां की स्थानीय पुलिस ने बयान जारी करते हुए बताया था कि उन्होंने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की थी। मगर रविवार को सूत्रों के हवाले से कहा गया कि इनमें से एक आरोपी डल्ला ही है। अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि हिरासत के बाद उसे रिहा किया गया या नहीं। डल्ला की हिरासत पर कनाडा पुलिस की तरफ से भी आधिकारिक तौर पर कोई बयान सामने नहीं आया है। अभी कनाडा और भारत के बीच डिप्लोमैटिक बातचीत बंद हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच सूचनाएं साझा नहीं की जा रही हैं।


## किश्तवाड़ में स्पेशल फोर्सेस का जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में 2 पैरा स्पेशल फोर्सेस के जूनियर कमीशन ऑफिसर (जेसीओ) राकेश कुमार शहीद हो गये। 3 जवान घायल हैं। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में रविवार सुबह 11 बजे से ये एनकाउंटर जारी है। अधिकारियों के मुताबिक यहां कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के 3-4 आतंकवादी छिपे हैं, इन लोगों ने 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। किश्तवाड़ के अलावा श्रीनगर के जबरवान इलाके में भी आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटों के अंदर यह तीसरी मुठभेड़ है।

## महाराष्ट्र के लिए एमवीए का घोषणा पत्र, 5 गारंटी

# महिलाओं को 3 हजार महीना, बेरोजगारों को ₹4 हजार, 25 लाख तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मुंबई।** महा विकास अघाड़ी ने रविवार को महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। एमवीए ने इसे 'महाराष्ट्रनामा' नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास के लिए हमारे 5 स्तंभ हैं। महाराष्ट्र का विकास और प्रगति खेती, ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और जन कल्याण पर आधारित होगा।

खड़गे ने कहा कि हम 5 गारंटी दे रहे हैं और यह पूरे महाराष्ट्र के कल्याण के लिए होंगी। हम हर परिवार को सालाना 3 लाख रुपये की मदद करेंगे। महालक्ष्मी स्कीम महिलाओं को 3 हजार रुपये महीना देगी। महिलाओं के लिए बस सर्विस फ्री रहेगी। हम उन किसानों को 50 हजार रुपये देंगे, जिन्होंने अपना कर्ज वक्त पर चुकाया है।

**खड़गे बोले- लाल किताब केवल संदर्भ, संविधान नहीं, पीएम को स्कूल में एडमिशन दिलाना जरूरी :** मेनिफेस्टो जारी करने के बाद खड़गे ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेताओं ने लाल किताब का इस्तेमाल केवल संदर्भ के लिए किया है। यह संपूर्ण संविधान नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- मोदी ने 26 जुलाई, 2017 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को भी ऐसी ही एक प्रति दी थी। उन्होंने दोनों नेताओं की तस्वीर दिखायी। खड़गे ने लाल किताब दिखाते हुए कहा कि जैसा मोदी और भाजपा बता रही है, यह कोरी नहीं है। पीएम मोदी को फिर से प्राइमरी स्कूल में दाखिला दिलाना जरूरी है। पीएम खुद ही लाल रंग का संविधान राष्ट्रपति को देते हैं और हमें अर्बन-नक्सल बोलते हैं।

**महायुति सरकार पर तंज- डबल इंजन सरकार पटरी से उतरी :** मेनिफेस्टो जारी करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बार फिर महाराष्ट्र की मौजूदा महायुति सरकार पर निशाना साधा। खड़गे बोले- डबल इंजन सरकार पटरी से उतर गयी है। महाराष्ट्र के लिए यह जरूरी है कि वह महायुति सरकार को हराए और सुशासन के लिए एमवीए को सपोर्ट करे। खड़गे ने कहा- एमवीए के घोषणापत्र में ग्रामीण और शहरी विकास तथा कृषि के विकास पर जोर दिया गया है। जाति जनगणना लोगों को बांटने नहीं बल्कि यह समझने के लिए है कि अलग समुदायों को किस तरह रखा गया है ताकि उन्हें ज्यादा लाभ मिल सके।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चालू शैक्षणिक वर्ष से लागू की जायेगी : मोहन चरण माझी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** उच्च शिक्षा क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में लागू किया जायेगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लिया। ओड़िशा सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के तहत सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और संबद्ध महाविद्यालय में इस नयी शिक्षा नीति को लागू करने की मंजूरी दे दी है। इस कदम का उद्देश्य राज्य की शिक्षा प्रणाली में कई बदलाव लाना है।।

नयी शिक्षा नीति 2020 के अनुसार ओड़िशा में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम शुरू होने जा रहे हैं, जिसमें प्रत्येक वर्ष के बाद योग्य छात्रों को प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, डिग्री और डिग्री ऑनर्स प्रदान किए जाएंगे। यूजीसी सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए क्रेडिट फ्रेमवर्क के आधार पर एक राज्य-व्यापी क्रेडिट फ्रेमवर्क तैयार किया



गया है और यह कौशल विकास और इंटर्नशिप के अवसरों के साथ-साथ उचित क्रेडिट भी प्रदान करता है। सामुदायिक सेवा और पाठ्येतर गतिविधियों, एनसीसी एनएसएस आदि के लिए भी क्रेडिट दिये जायेंगे। छात्र अपने पसंदीदा विषयों को चुनकर और कई बार उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश करके और बाहर निकलकर 7 वर्षों के भीतर अपना डिग्री पाठ्यक्रम पूरा कर सकते हैं।

नयी शिक्षा नीति 2020 के अनुसार ओडिशा की उच्च शिक्षा प्रणाली को अधिक गुणात्मक, स्वायत्त और समावेशी बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य विभिन्न योजनाओं, व्यावहारिक-आधारित शिक्षा और उद्योग के साथ इंटर्नशिप के माध्यम से कौशल विकास के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाना है। पाठ्यक्रम को अधिक रोजगार-उन्मुख और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जायेगा। इससे सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के तहत आने वाले विश्वविद्यालय नये पाठ्यक्रम और क्रेडिट ढांचे के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कर सकेंगे।

### बसपा सुप्रीमो मायावती ने हुसैनाबाद में की चुनावी जनसभा, कहा-

# झारखंड में आदिवासियों-दलितों एवं अल्पसंख्यकों को छला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता के पक्ष में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सह बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को हुसैनाबाद के अनुमंडलीय मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। कहा कि केंद्र व झारखंड में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला रहा है। यहां के गरीब गुरबों को लूटा गया। इस राज्य में यहां के गरीब आदिवासी व अल्पसंख्यकों को काफी छला गया। अलग झारखंड राज्य बनने के बाद यहां के लोगों की आस जगी थी कि अब उनका विकास होगा। बावजूद इससके विकास के बदले यहां के सत्ताधारियों ने उन्हें लूटकर अपना विकास किया। यहां एक गरीब का काम बिना रिश्वत के नहीं होता। कई गिने चुने पूंजीपति अपना वर्चस्व बनाकर सरकार संचालित करना चाह रहे हैं। उन लोगों की तमन्ना यहां की जनता पूरी नहीं होने देगी। इस देश में हर जाति के लोग गरीब हैं। इनके हक लूटने व देश को विकसित बनाने के नाम पर गिरवी रखने का षड़यंत्र पूरा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के माध्यम से बेहतर सरकार देने का आह्वान किया। कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण को मंदगति से खत्म करने का प्रयास कर रही है। इससे भारत की गरीब जनता पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कांग्रेस, भाजपा व अन्य किसी भी विरोधी पार्टी या गठबंधन आदि के साथ मिलकर नहीं, बल्कि अकेले ही अपने दम पर पूरी तैयारी और दमखम के साथ चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कुशवाहा शिवपूजन मेहता को अपना प्रत्याशी बनाया है। जिनते भारी मतों से वोट देकर जिताना है। वहीं, बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने सभी को धन्यवाद देते हुए 13 नवंबर को हाथी छाप पर बटन दबाकर जीत दिलाने की अपील की। इस मौके पर बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद समेत कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।



लोगों का अभिवादन करती बसपा सुप्रीमो बहन मायावती।

# जब तक जीवित हूं आरक्षण-संविधान पर कोई आंच नहीं आयेगी : चिराग पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के समर्थन में हैदरनगर उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में रविवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी शामिल हुए। कहा कि राजद-झामुमो व कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने झारखंड को खतरे में डाला है। राज्य के गरीबों का पैसा लूटा हैं। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की और राम मंदिर निर्माण के लिए भाजपा के योगदान की तारीफ की। कहा कि हुसैनाबाद से उनके पिता रामविलास पासवान जी का गहरा लगाव रहा है। वह हमेशा हुसैनाबाद आते-जाते थे। उनके साथ बचपन में वह भी आते थे। हुसैनाबाद से उनका पारिवारिक संबंध है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान के संघर्षों की कसम खाकर कहता हूं कि जब तक मैं जीवित हूं तक आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पासवान समाज को रामविलास पासवान भवन व द्वार बना कर सम्मान दिया है। ऐसे नेता को विधानसभा भेज कर राज्य में डबल इंजन की सरकार को मजबूती दें और नरेंद्र मोदी जी के कंधे को मजबूत करें। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह को कमल फूल निशान पर बटन दबा कर विजयी बनाने की अपील की। वहीं, भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने हुसैनाबाद का विकास किया है। जो किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने जपला को जिला बनाने की बात कही। साथ ही रोजगार की व्यवस्था के साथ कहा कि हुसैनाबाद का भविष्य भाजपा से ही सुरक्षित होगा। उन्होंने मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, सूर्या सिंह ने कहा कि हिंदुओं की मान प्रतिष्ठा व संस्कृति की रक्षा के लिए भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी व चिराग पासवान के हाथों को मजबूत बनायें। कार्यक्रम में भाजपा लोजपा व आजसू नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


एनडीए के भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते चिराग पासवान।

# झारखंड में बनेगी डबल इंजन की सरकार : हिमंता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर में रविवार को आयोजित भाजपा के विजय संकल्प सभा में असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने डाल्टनगंज विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया के पक्ष में चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि वोट बैंक की राजनीति की खातिर हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के चलते हमारे आदिवासी परिवार खतरे में है। इसके साथ ही देश की आंतरिक सुरक्षा को भी खतरा है। उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बन रही है। सरकार बनते ही यहां के युवाओं को रोजगार से सीधा जोड़ा जायेगा। झारखंड में दो लाख से ज्यादा सरकारी पद रिक्त हैं उसमें यहां के युवाओं को नौकरी दी जाएगी। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में अराजकता की स्थिति हो गई है। अब समय आ गया है इससे छुटकारा पाने का। आप लोग डबल इंजन की सरकार बनाईए और यहां माटी, रोटी और स्वाभिमान की रक्षा में हमारा सहयोग करें।



# दो महिला प्रत्यासियों ने विश्रामपुर-मझिआंव विस के चुनावी मुकाबले को रोचक बनाया

### पांच दशक से दो ही लोगों के बीच होता था सीधा मुकाबला, इस बार मुकाबला बहुकोणीय

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र की दो महिला प्रत्यासियों ने इस बार चुनावी फिजा को बदल दिया है। सपा प्रत्यासी अंजू सिंह और निर्दलीय प्रत्यासी जागृति दुबे राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्यासियों व क्षेत्र के राजनीतिक धुरंधरों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। जिससे मुकाबला काफी रोचक हो गया है। जिस विश्रामपुर विस क्षेत्र में पांच दशक से दो ही लोगों के बीच सीधा मुकाबला होता था, वहीं इस बार इन दोनों महिला प्रत्यासियों ने मुकाबले को बहुकोणीय बना दिया है। जिस कारण इस बार यहां का चुनावी परिणाम अप्रत्याशित भी हो सकता है। अंजू सिंह वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह की पत्नी हैं। अंजू सिंह तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने पहला चुनाव 2014 में लड़ा था। मोदी लहर में भी अंजू सिंह दूसरे स्थान पर रहीं थीं। वहीं, 2019 के चुनाव में वो जीत तो नहीं पाई लेकिन अपने मत प्रतिशत को बरकार रखा। अंजू सिंह इस बार समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रही हैं। जिसके चलते उन्हें मुस्लिम और यादव समाज का काफी समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा इनकी राजनीतिक ताकत पति अभिमन्यु सिंह की कार्यशैली व कार्यकुशलता है। अभिमन्यु सिंह लगातार 15 वर्ष से आम लोगों के बीच रहे हैं। इनका क्षेत्र के सभी जाती वर्ग में गहरी पैठ है। इसका कितना लाभ इस चुनाव में अंजू सिंह को मिलता है, यह तो चुनाव परिणाम से ही पता चल पायेगा। दूसरी ओर, निर्दलीय प्रत्यासी जागृति दुबे पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। इनके पति रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकाश दुबे पिछले तीन साल से ही क्षेत्र में सक्रिय हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाने का प्रयास किया है,जिसका फायदा जागृति दुबे को इस चुनाव में मिल सकता है। इसके अलावा ददई दुबे का चुनावी समर से दूर होना इनके लिए एक अवसर प्रदान कर गया है।





#### 1980 से यहां होता रहा है सीधा मुकाबला

निर्दलीय प्रत्यासी स्व विनोद सिंह ने 1980 में सीधे मुकाबले में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे चंद्रशेखर उर्फ ददई दुबे को पराजित किया था। जबकि 1985 में ददई दुबे कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और सीधे मुकाबले में विनोद सिंह को मात देकर पहली बार विधायक बने। दो बार लगातार विधायक बनने के बाद 1995 में राजद प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी से सीधा मुकाबला में चुनाव हार गए। हालांकि 2000 के चुनाव में ददई दुबे रामचंद्र चंद्रवंशी को परास्त कर फिर विधायक बन गए। वहीं 2005 में भी इन्हीं दोनों के बीच फिर सीधा चुनावी मुकाबला हुआ जिसमें रामचंद्र चंद्रवंशी जीत गए। 2009 में भी इन्हीं दोनो के बीच सीधा मुकाबला हुआ जिसमें ददई दुबे रामचंद्र चंद्रवंशी को सीधा मुकाबला में हराकर चौथी बार विधायक बने। जिसके बाद रामचंद्र चंद्रवंशी भाजपा में चले गए और 2014 और 2019 का चुनाव लगातार जीता और मंत्री तक बने। ददई दुबे इस बार चुनावी राजनीत से दूर हैं वहीं श्री चंद्रवंशी बतौर भाजपा प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में हैं।

#### कुल 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से वैसे तो इस बार कुल 17 प्रत्यासी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला छह लोगों के बीच है। जिसमें भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी, सपा प्रत्यासी अंजू सिंह, राजद के नरेश प्रसाद सिंह, बसपा प्रत्यासी राजन मेहता, निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दुबे व निर्दलीय प्रत्याशी प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद हैं।**

### अंजू सिंह के बाइक रैली में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की सपा प्रत्याशी अंजू सिंह ने बाइक रैली निकालकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। रैली में सबसे आगे अंजू सिंह हाथ जोड़कर चल रही थी। उनके पीछे हजारों युवा बाइक के साथ चल रहे थे। बाइक रैली पांडू, विश्रामपुर, ऊंटारी से होकर गुजरी। अंजू सिंह ने कहा कि विधायक बनने पर वह क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर करेंगी। युवाओं को रोजगार से जोड़ेंगीं। महिलाओं को स्वावलंबी बनायेंगी एवं किसानों के खेतों तक पानी पहुंचायेंगी। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर क्षेत्र की भूमि काफी उपजाऊ है, लेकिन यहां के लोग राजनीतिकरण के शिकार हुए हैं। एक ही विधायक 20 वर्षों से राज कर रहे हैं, जिन्हें क्षेत्र की जनता से कोई लेना देना नहीं है। इसके साथ ही अंजू सिंह एवं उनके समर्थकों ने घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगे। कहा कि एक बार अंजू सिंह को जिताएं और क्षेत्र में विकास लायें।**

# विश्रामपुर की जनता ने आशीर्वाद दिया तो क्षेत्र में विकास की एक नई लहर लेकर आऊंगा : ब्रह्मदेव

### मंच पर भावुक हुई पत्नी रजनी देवी, विकास के वादों से गूंजा मैदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर-मंझिआंव विधानसभा सीट से प्रत्याशी सह ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव (बीडी) प्रसाद ने रविवार को विश्रामपुर जनता हाई स्कूल मैदान में विशाल जनसभा की। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। अपने संबोधन में ब्रह्मदेव प्रसाद ने जनता से 13 नवंबर को उनके पक्ष में बटन दबाकर मतदान करने की अपील की। कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र से अंधकार को भगाने के लिए टॉर्च का बटन दबाएं। भरोसा दिलाया कि अगर उन्हें समर्थन मिला तो वह क्षेत्र में विकास की नई लहर लेकर आएंगे। उन्होंने सिंचाई, सड़क और पुल निर्माण जैसी समस्याओं का समाधान करने का वादा किया। घोषणा की कि जीतने पर सभी पंचायतों में एक वर्ष के भीतर प्लस-2 विद्यालय की स्थापना की जाएगी। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। सभा में ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के हक और अधिकार दिलाने की बात भी प्रमुखता से रखी। लगे हाथ राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि इन वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। वादा किया कि विधानसभा में उनका पहला कदम इस अन्याय को दूर करना होगा। उन्होंने वर्तमान विधायक पर आरोप लगाया कि विकास के नाम पर केवल व्यक्तिगत कार्य किए जा रहे हैं, जिससे समाज का विकास अवरुद्ध हो रहा है। इस दौरान ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी रजनी देवी मंच पर भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मैंने अपने पति को समाज के प्रति जज्बे को देखते हुए आप लोगों की सेवा में झोंक दिया है। अपने पति की हाल ही में हुई दुर्घटना को याद करते हुए वह भावुक हो उठीं। इस मौके पर रहना बीबी, बिनोद कुमार, संतोष गुप्ता, सुरेंद्र भारती, अजय राम, नवजीवन यादव, रविंद्र पांडे, राम मनोहर चौबे, गोकुल बसंत, सुकेंद्र चौधरी व सुनील यादव उपस्थित थे।




# 13 नवंबर को मतदान के लिये 12 बूथ हुए रीलोकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण के लिए 13 नवंबर को मतदान होना है। इसमें अधिकाधिक मतदान को लेकर स्वीप अंतर्गत कई तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अन्य स्तर पर भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पलामू जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। इसमें पांकी विधानसभा के बिहरा राजकीय मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को सालमदीरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रीलोकेट किया गया है। वहीं, बघमरी जीरो उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र को सालमदीरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रीलोकेट कर दिया गया है। जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय आबुन को उत्क्रमित मध्य विद्यालय जान्जो में रीलोकेट किया गया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय केकरगढ़ में बने मतदान केंद्र को मध्य विद्यालय द्वारका में रीलोकेट किया गया है। दूसरी ओर, डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता में बनाए गए मतदान केंद्र को राजकीय मध्य विद्यालय बिजका में रीलोकेट किया गया है। प्राथमिक विद्यालय तुरेर में बने मतदान केंद्र को उत्क्रमित उच्च विद्यालय मदगड़ी (च) में रीलोकेट किया गया है। वहीं, कुटकु उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को उत्क्रमित उच्च विद्यालय मदगड़ी (च) में रीलोकेट किया गया है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खटाई टोला, सनेया में बने मतदान केंद्र को उच्च विद्यालय मदगड़ी (च) में रीलोकेट किया गया है। उधर, छत्तरपुर विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनाग में बने मतदान केंद्र को प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर में बने मतदान केंद्र को उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, मोहम्मदगंज, उत्तरी भाग में रीलोकेट किया गया है। वहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रतापपुर के स्थान पर अब उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुदण्ड के उत्तरी भाग में मतदान होगा। जबकि लोहबंधा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र के स्थान पर अब उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदंड, दक्षिणी भाग को मतदान केंद्र बनाया गया है।

### बैदकारो में महागठबंधन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बैदकारो में बिरसा चौक के समीप आइएनडीआइए गठबंधन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन रविवार को झामुमो के जिला सचिव जयनारायण महतो ने किया।



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# भाजपा नफरत की राजनीति करती है: हेमंत



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है। हिंदू-मुसलमान कर लोगों को बांटने का काम करती है। जहां हिंदू-मुस्लिम, सिख-इसाई मिलकर रहते हैं, वहां उनकी दाल नहीं गलती। इसीलिये ये लोग लोगों में दरार पैदा कर वोट लेना चाहते हैं। वे रविवार को यहां गोसाईबाग के मैदान में झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरे नेतृत्व में सरकार का 5 साल जनता को समर्पित रहा है। जनता की सेवा के लिए कई ऐसी योजनाएं चलायीं। हर वर्ग के लोगों को लाभ देने का काम किया है। जिससे जनता को सीधा लाभ मिला है। 5 साल बाद एक बाद फिर से आपके बीच आशीर्वाद मांगने आया हूं। श्री सोरेन ने कहा कि यहां के लोग काफी गरीब हैं। कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे। जिसका एहसास मुझे था। लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए मैंने केसीसी लोन के साथ बिजली माफ करने का फैसला किया। कोरोना काल में जहां आम लोग भाजपा द्वारा लगाये गये लॉकडाउन के कारण घर से काफी दूर फंसे हुए थे।

उन्हें लाने के लिए मैंने हवाई जहाज तक का सहारा लिया। इस दौरान प्रदेश की महिलाओं ने मेरा खूब साथ दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए मंईयां सम्मान योजना लागू किया है। अभी एक हजार दिया जा रहा है। दिसंबर से 2500 सौ रुपये देने का फैसला मेरी सरकार ने कर लिया है। वहीं अगले कार्यकाल में हर महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये दिया जायेगा। सीएम ने भाजपा द्वारा लगाये जा रहे बंटोगे तो कटोगे नारे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि यहां ना तो कोई बंटेगा और ना ही कोई कटेगा, बंटोगे तो कटोगे कहने वाले अब राजनीतिक रूप से कूटे जायेंगे। सीएम ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर भी जमकर हमला बोला। कहा कि वे अपने प्रदेश को छोड़कर झारखंड में एक से डेढ़ साल से रहकर यहां के लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं।

घुसपैठियों की बात करते हैं। जबकि सबसे अधिक घुसपैठिये असम में ही रहते हैं। वहां से घुसपैठियों को चुनाव के लिए अलग-अलग प्रदेशों में ट्रांसफर किया जाता है। अगर देश में घुसपैठियां आते हैं तो यह केंद्र सरकार की नाकामी है। क्योंकि सीमा की सुरक्षा केंद्र सरकार के हाथों में है। सीएम ने इस दौरान माटी, बेटी और रोटी पर भी जमकर बात की।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह से पार्टी के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा को पूर्व विधायक व झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

# विकसित झारखंड के सपनों को पूरा करने के लिए एनडीए की सरकार बनायें : चिराग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** विकसित झारखंड के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य में एनडीए की सरकार बनाना आवश्यक है। उक्त बाते लोजपा प्रमुख सह केंद्रीय खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को रमना हाई स्कूल के स्टेडियम में विधायक सह भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद जैसे दलों से सावधान रहने की आवश्यकता है, जिन्होंने हमे जात पात में बांटने के अलावे कोई काम नहीं किया है और आज भी उनकी यही सोच है, जिसे साधने के लिए ये लोग हर तरह का झूठ बोलने का कार्य कर रहे हैं। लोक सभा चुनाव के दौरान कहते थे कि यदि नरेंद्र मोदी की सरकार आयेगी तो आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र समाप्त हो जायेगा। आज मैं इन दलों के नेताओं से पूछना चाहता हूं कि मोदी जी की सरकार बने पांच महीने होने को है, लेकिन न तो आरक्षण खत्म हुआ और न ही संविधान समाप्त हुआ। इन लोगों ने सिर्फ झूठ बोलकर और डरवाकर आपका मत लेने का काम किया और एक बार इसी क्रम को दोहराना चाहते है। लेकिन मैं अपने नेता और पिता रामविलास पासवान के संघर्षों की कसम खाकर कहता हूं कि जब तक चिराग पासवान जिंदा है, तब तक न तो आरक्षण को खतरा है और न ही संविधान को खतरा है। दुनिया की कोई ताकत हमारे हक और अधिकार को हमसे छीन नहीं सकता। यदि कोई कुछ छीन सकता है तो ये विपक्षी दल गरीब कल्याण की योजनाएं छीन सकते है, क्योंकि इन्हें गरीबों का उत्थान हजम नहीं होता है। उन्होंने उपस्थित जन समूह से भानु प्रताप शाही को विजयी बनाने की अपील को। चुनावी सभा को विधायक सह भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही ने भी संबोधित किया। मौके पर रामजी पासवान, शारदा महेश प्रताप देव, अजय सहित बड़ी संख्या में भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 80 हजार रुपये जब्त

रंका। आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला गढ़वा के रंका थाना अंतर्गत गोदरमाना स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर रंका पुलिस पार्टी के द्वारा चेकिंग के दौरान छत्तीसगढ़ की ओर से आ रही वाहन संख्या - जेएच03यू 8255 से 80000/- ( अस्सी हजार) रुपये विधिवत जब्त किया है। इस संबंध में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान के अनुसार विधि सम्मत कार्यवाई की जा रही है।

## चुनाव को लेकर पुलिस का भ्रमण

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए रविवार को हरिहरपुर ओपी पुलिस ने ओपी क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी गांवों का पैदल क्षेत्र भ्रमण किया गया।

## घर में घुसकर मारपीट करने के तीन पुरुष व दो महिला आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव में शनिवार की रात्रि में पुलिस की तत्परता से बड़ा दंगा भड़कने की घटना टल गयी। जानकारी के अनुसार सोहवरिया निवासी अशोक चौधरी के घर में लोवादाग के सात-आठ महिला पुरुष लाठी डंडा से लैस होकर घुस गये तथा मारपीट करने लगे। हो हल्ला सुनकर गांव के दर्जनों लोग वहां पहुंच गये तब जाकर घर वालों की जान बची। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मारपीट करने के तीन पुरुष व दो महिला आरोपियों को पकड़ लिया, इस दौरान दो-तीन लोग मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। पकड़े गये पांचों आरोपियों को हिरासत में रखा गया, जिन्हें रविवार को जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गये आरोपियों में लोवादाग निवासी अजउद्दीन अंसारी, इजराइल अंसारी, इसराइल अंसारी, शैरा बीबी तथा जुबैदा बीबी शामिल हैं। उक्त मामले को लेकर अशोक चौधरी द्वारा थाना में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि वह शनिवार को गांव के शितला पेड़ नदी में मछली पकड़ने गया था, वहीं दो व्यक्ति पहुंचे तथा ट्रैक्टर से खेत जोतने को लेकर बक झक करने के बाद मारपीट पर उतारू हो गये। मामला बढ़ता देख अशोक चौधरी वहां से घर लौट गया। रात्रि करीब साढ़े सात बजे महिला पुरुष आठ लोग लाठी-डंडा, भाला, गड़ासा से लैस होकर घर मे घुस कर मार पीट करने लगे थे।

# आप सबों के आशीर्वाद से ही हुआ गढ़वा का ऐतिहासिक विकास : मिथिलेश ठाकुर

**व्यवसायी संघ ने किया मंत्री का सम्मान समारोह, दिया समर्थन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** व्यवसायी संघ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित विद्या गुपुत वाटिका में गढ़वा विस क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को सम्मानित किया। इस दौरान सभी व्यवसायियों ने गढ़वा के विकास को और आगे बढ़ाने के लिए मंत्री श्री ठाकुर का समर्थन किया। सभी ने तीर-धनुष छाप पर वोट देकर श्री ठाकुर को जीताने का संकल्प लिया।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि मैं यहां अपने परिवार के बीच में हूं। मैं यहां के एक-एक लोगों का ऋणी हूं, जिनके आशीर्वाद से गढ़वा का ऐतिहासिक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में भाजपा को अधिक वोट मिलने तथा झामुमो को कम वोट मिलने के मिथक को तोड़ते हुए गढ़वा के लोगों ने पिछले चुनाव में सर्वाधिक वोट देकर रिकार्ड बनाया है। मंत्री ने कहा कि जाति, धर्म, संप्रदाय की भावना में बहकर नहीं बल्कि सोच समझ कर अपने मत का प्रयोग करें ताकि पांच साल पछताना नहीं पड़े। मौके पर मुख्य रूप से मंत्री श्री ठाकुर की पत्नी चंचला ठाकुर, पुत्री सौम्या ठाकुर, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजेष गुप्ता, जवाहर पासवान, एमपी केशरी, भुनेश्वर सोनी, सुरेश जायसवाल आदि ने विचार व्यक्त किया।

# आज शाम से लाउडस्पीकर, जनसभा और जुलूस पर निषेध

**प्रत्याशियों के साथ बैठक : 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान 'क्या करें, क्या न करें' पर दी गयी जानकारी**

**मतदान केंद्र से 200 मीटर के अंदर किसी प्रत्याशी का नहीं होगा कोई स्टाल/टेबल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को उम्मीदवारों/ उनके निर्वाचन अभिकताओं के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि चूंकि अब मतदान दिवस के लिए बीच में दो ही दिन शेष हैं, इसलिए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व कई निषेध लागू हो जाते हैं।

इस प्रतिबंध का जो प्रत्याशी उल्लंघन करेगा उस पर आयोग के निदेर्शों की अवहेलना मानते हुए कार्रवाई की जायेगी।

## प्रत्याशी कर सकते हैं अपने मतदान अभिकर्ताओं की नियुक्ति

संजय कुमार ने प्रत्याशियों तथा उनके अभिकताओं को जानकारी दी कि वे मतदान दिवस के लिए अपने मतदान अभिकताओं की नियुक्ति कर सकते हैं, इस संदर्भ में जरूरी प्रपत्र भी सभी को उपलब्ध कराए गये। जानकारी दी गई कि मतदान अभिकर्ताओं को मतदान के दिन सुबह 5:30 बजे पहुंचना होगा क्योंकि मॉक पोल की प्रक्रिया वास्तविक मतदान से 90 मिनट पहले शुरू हो जाती है। **मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे में नहीं रहेगा किसी प्रत्याशी का स्टॉल :** बैठक में बताया गया कि आयोग के निदेशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी राजनीतिक पार्टी का स्टाल या टेबल नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं मतदान दिवस के दिन 200 मीटर दूर लगे किसी ऐसे स्टॉल पर राजनीतिक झंडा, बैनर नहीं होना चाहिए। प्रत्याशी चाहें तो अपने स्टॉल पर एक टेबल, दो कुर्सी और 10.10 का एक टेंट लगा सकते हैं, लेकिन उक्त सभी व्यवस्थाएं बूथ से 200 मीटर की दूरी पर ही होना चाहिए। कोई प्रत्याशी अपने प्रायोजित वाहन से मतदाताओं को बूथ तक ले जाने और आने की सुविधा नहीं देगा।

# झामुमो महिला मोर्चा भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष जसवनता देवी ने भाजपा का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** झामुमो महिला मोर्चा भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष जसवनता देवी अपने महिला कार्यकर्ताओं के साथ अरसली उत्तरी पंचायत में आयोजित चानी शाही के कार्यक्रम में भाजपा का दामन थामा। जसवनता देवी को चानी शाही ने माला पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा, आज महिला संगठन काफी मजबूत हुआ है। भाजपा में जसवनता देवी का समर्थन मिलने से भाजपा भवनाथपुर में पहले से अधिक मजबूती के साथ विजयी होगा। पार्टी में शामिल होने पर जसवनत देवी ने कहा कि विधायक भानु प्रताप शाही की पत्नी चानी शाही के कुशल व्यवहार से प्रभावित होकर हम सभी महिलाओं ने भाजपा का दामन थामने का काम किया है, कहीं झामुमो में महिला का सम्मान नहीं किया जाता है। पिछले कई महीनों से झामुमो का झंडा लेकर घुम रहे थे और दृढ़ संकल्प लिया था कि चंदा मांग कर अननं प्रताप देव को चुनाव में मदद करेंगे लेकिन बेल पहाड़ी के अन्य समुदाय के कार्यकर्ता ने अपमानित करने का काम किया।

# विकास के नाम पर क्षेत्र को लूटने का काम किये हैं मंत्री: सत्येंद्रनाथ

**झामुमो को लगा भारी झटका, तीन हजार से अधिक लोग भाजपा में हुए शमिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले झामुमो को भारी झटका लगा है। रविवार को अलग-अलग कार्यक्रम के दौरान सभी छह प्रखंड गढ़वा, मेराल, रंका, चिनियां, रमकंडा और डंडा प्रखंड के विभिन्न गांवों के तीन हजार से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। सभी को भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर एनडीए प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में गढ़वा से भाजपा एक लाख मतों से जीत दर्ज करेगी। जनता भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी हैं। मंत्री सह झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान विकास के नाम क्षेत्र को लूटने का काम किया है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र सहित जिले सभी प्रखंडों में बनाये गये एक भी जलमीनार चालू नहीं है। गरीबों के लिए केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा शुरू किया हर घर नल योजना में भी भारी घोटाला हुआ है। उसमें मंत्री ने पांच हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। जिसकी ईडी जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता मंत्री की सच्चाई से पूरी तरह अवगत हो चुकी हैं। गढ़वा की जनता बाहरी विधायक का जमानत जब्त कराकर गढ़वा का बेटा को जीत दर्ज कराने के लिए तैयार बैठी हैं। गढ़वा के सभा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यहां का पलायन और बेरोजगारी पर अपनी चिंता जतायी है। सरकार बनने के साथ ही गढ़वा सहित पूरे पलामू प्रमंडल और झारखंड का समुचित विकास होगा। मौके पर पूर्व सांसद घूरन राम, लोजपा नेता रामजी पासवान, रामचंद्र पासवान, विनोद चंद्रवंशी, सन्नी चंद्रवंशी, उमेश सिंह, उदय कुशवाहा, विनोद राम, आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


## भ्रष्टाचार, बालू की कालाबाजारी, नल जल योजना में हजारों करोड़ का घोटाला : सत्येंद्र

मेराल (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार तथा मिथिलेश ठाकुर पर प्रहार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, बालू की कालाबाजारी, नल जल योजना में हजारों करोड़ का घोटाला किया गया है जिसके लिए एसीबी, सीबीआई रेड कर रही है। उन्होंने 13 नवंबर को तीन नंबर पर कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की। सभा सांसद बीडी राम, पूर्व सांसद घूरन राम, सूरज गुप्ता, आजसू के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, डॉ लालमोहन, मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, अमृतांजलि दुबे, मुखिया राम प्रताप, वीरेंद्र नाथ तिवारी, रामप्रवेश चंद्रवंशी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, संतोष दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।



















मा0 नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद
भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद
रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखण्ड में भाजपा सरकार
बटेंगे तो कटेंगे,
एक रहेंगे तो नेक रहेंगे
81 - भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से
एनडीए गठबन्धन से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी
भानु प्रताप शाही
EVM का नमूना
क्र.सं उम्मीदवार का नाम फोटो चुनाव चिन्ह
1
2
3 भानु प्रताप शाही
4
5
6
7
चुनाव चिन्ह
कमल छाप
ईवीएम क्रमांक 3
भानु प्रताप शाही
81 - भवनाथपुर विधानसभा
निवेदक : भारतीय जनता पार्टी, भवनाथपुर, गढ़वा
कमल का बटन दबाएं
भाजपा
भाजपा को जीताएं




गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से INDIA महागठबंधन समर्थित
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के लोकप्रिय एवं कर्मठ प्रत्याशी
चुनाव चिन्ह
मिथिलेश कुमार ठाकुर
को
तीर-धनुष छाप
क्रम सं. 2
पर बटन दबा कर भारी मतों से
विजयी बनायें !
2 मिथिलेश कुमार ठाकुर
झामुमो
को
वोट दें
चुनाव चिन्ह
J.M.M.
मतदान तिथि: बुधवार, 13 नवम्बर 2024
समय: सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा गढ़वा द्वारा प्रकाशित

# चंदनक्यारी में मोदी ने दिया नारा, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदनक्यारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दूसरी बार भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए झारखंड आये। मोदी ने बोकारो के चंदनक्यारी में चुनावी सभा को संबोधित किया। चंदनक्यारी में सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने इंडी गठबंधन के दलों पर जमकर निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद जैसे दल ओबीसी, एसटी व एससी के लोगों को अलग-अलग जातियों में बांटना चाहते हैं। आपकी एकता को तोड़ना चाहते हैं। क्योंकि आपकी एकता से इनको परेशानी है। सत्ता से बाहर हो गए हैं। मोदी ने जातियों में बांटने की साजिश से लोगों को सावधान करते हुए नारा दिया, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। इस नारे को मोदी ने दो-तीन बार दोहराया। लोगों से जातियों में नहीं बंटने व एक रहने की अपील की।

यूपी के सीएम योगी ने बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दिया था। मोदी अब इसी को आगे बढ़ाते हुए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे का नारा दे रहे हैं। दोनों नारे खूब चर्चा में हैं। भाजपा की ओर से झारखंड विधानसभा चुनाव में यह नारा खूब उछाला जा रहा है।

**झारखंड को विकास के लिए दिया 3 लाख करोड़ :** मोदी ने झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से किये गये कार्यों का हिसाब भी दिया। कहा कि यूपीए की सरकार ने 10 साल में झारखंड को 80 हजार करोड़ दिये थे। लेकिन केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद हमने झारखंड के विकास के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक दिये हैं। यह फर्क है यूपीए व एनडीए की सरकार में। मोदी ने कहा कि भाजपा ने झारखंड का बनाया है इसलिए इसके विकास की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य का और तेजी से विकास होगा।

**भ्रष्ट लोगों और पेपर लीक माफिया को जेल में डालकर दिलायेंगे सजा :** मोदी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्ट सरकार चल रही है। यहां सांसद व मंत्री के घरों से नोटों के पहाड़ मिलते हैं। पेपर लीक व भर्ती माफिया पैदा हो गये हैं। इन लोगों ने यहां के युवाओं का भविष्य चौपट कर दिया है। युवा निराश व हताश हैं। मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्ट लोगों व माफिया को नहीं छोड़ेंगे। सभी को जेल में डालकर सजा दिलायेंगे।

## 370 को फिर से वापस लाना चाहती है कांग्रेस

मोदी ने जम्मू-कश्मीर की चर्चा करते हुए कहा कि हमने धारा 370 को जमीन में गाड़ दिया है। लेकिन कांग्रेस अपने सहयोगी दल के साथ मिलकर फिर से इसे बहाल करने पर तुली है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा से इसे लागू करने को लेकर प्रस्ताव पारित करा चुकी है। कांग्रेस फिर से वहां आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है। जम्मू-कश्मीर में देश के कितने जवान शहीद हो गये हैं। विधानसभा के अंदर पहली बार बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की शपथ ली गयी। यह आपकी ताकत से संभव हो सका है।

## झारखंड में चल रही है बदलाव की आंधी, बनेगी एनडीए की सरकार

मोदी ने भीड़ से रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार के नारे को दोहराया। कहा कि यहां बदलाव की आंधी चल रही है। सभा में उमड़ रही भीड़ यह बता रही है कि झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने वाली है। जनता आशीर्वाद देने को आतुर हैं। मोदी ने झारखंड भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सबके विकास के लिए अच्छी योजना लेकर आयी है। सबका विकास होगा। उन्होंने लोगों से भाजपा-एनडीए की सरकार बनाने की अपील की। कहा कि आप ही हमारे लिए मोदी हैं। इसलिए मेरा संदेश घर-घर मोदी बनकर पहुंचा दें। सभा में भाजपा व एनडीए के दस प्रत्याशी मौजूद थे।

# लोगों का मिल रहा है अपार प्यार व समर्थन: राज सिन्हा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने रविवार को जमकर जनसंपर्क अभियान चलाया। कहा कि लोगों का उत्साह देखकर मेरे अंदर भी ऊर्जा आ जाती है। जहां भी जा रहा हूं, सभी का प्रेम और आशीर्वाद मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा घर-घर जाकर जनसंपर्क कर स्थानीय जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान आर के नगर, पाल नगर, न्यू विशुनपुर, द्वारिका स्कूल में राज सिन्हा का भव्य स्वागत किया गया। सभी लोगों ने भारी मतों से उन्हें विजयी होने की शुभकामनाएं दी। उसके बाद सुधीर जो ले मुर्गी फॉर्म पर बैठक कर चुनाव से संबंधित रणनीति बनाई गयी। वहीं, वाचनवर्ड में आमसभा कर भारी संख्या में मतदान कराने को लेकर चर्चा की गयी।

## विकास की गंगा बहा देंगे : रोहित यादव



**महुदा (आजाद सिपाही)।** चुनावी सरगर्मी के बीच सभी राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्यासी प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। इस बीच रविवार को निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव महुदा के कचर्रा बस्ती पहुंचे। जहां उनके समर्थन में नुक्कड़ सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी ने किया। सभा से पूर्व कंचनपुर के युवाओं ने आतिशबाजी कर गाजा बाजे के साथ माला पहना कर रोहित यादव का स्वागत किया और उन्हें सभा स्थाल तक लेकर गये। इस दौरान रोहित यादव को निर्मल रवानी, भागीरथ रवानी और सलमान अंसारी ने बुके देकर एवं निताय रवानी, अजय सिंह, लक्ष्मण रवानी, मनोज रवानी ने शॉल ओड़ाकर स्वागत किया। इस दौरान रोहित यादव पर आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों युवा भाजपा छोड़ कर उनके पक्ष में आ गये। इस अवसर पर प्रत्याशी रोहित यादव ने कहा कि लोगों के आशीर्वाद से चुनाव जीते तो सभी मौलिक समस्याओं का समाधान करेंगें। इस मौके पर पप्पू दुबे, हन्जला बीन हक्क, ब्रजेश कुमार चौबे, विरेंद्र गोस्वामी, काली सिंह, सूजन दास, साधन हजारी, पवन सराक, भागीरथ कर्मकार, धीरेन सराक, गोपी बाउरी, महादेव बाउरी, अभिषेक सिंह, कुवर सिंह, डब्ल्यू महथा, प्रदीप सिंह, लक्ष्मण बाउरी, धीरज हाजारी, साधन हाजारी, जितेंद्र सिंह, बबलू सिंह, राजकुमार सिंह, पप्पू सिंह, बलराम सिंह आदि उपस्थित थे।

# झारखंड में फिर से बनेगी आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार : पूर्णिमा नीरज सिंह

## कहा- कुछ नेताओं ने झरिया को पैसे छापने वाली मशीन बनाकर रखा था

- झरिया की कांग्रेस प्रत्यासी ने विभिन्न जगहों पर चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झरिया विधानसभा सीट से आइएनडीआइए महागठनंबध की कांग्रेस प्रत्यासी पूर्णिमा नीरज सिंह ने रविवार को विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झरिया को यहां के नेताओं ने शुरूआत से ही पैसों की मशीन बनाकर रखा था। लेकिन अब झरिया में उन्हें कोई भाव नहीं मिल रहा है। इसलिए वे बौखला गए हैं। उनलोगों ने झरिया और यहां की जनता का हर स्तर पर शोषण किया। झरियावासियों को बेघर किया। झरिया से उसका कॉलेज छीना। पानी धनबाद भेजा। सड़कें नहीं बनवाई। इस तरह से यहां की जनता को कष्ट में रखकर वर्षों तक शासन करते रहे, लेकिन यहां की जनता के बारे में एक बार भी नहीं सोचा। झरिया की जनता समझ रही है कि कौन झरिया को बनाने में और कौन खाने में लगा है। पपूर्णिमा सिंह ने इलाकों में घूमकर यहां की नयी समस्याओं को जाना और अगले कुछ ही महीनों में पानी की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। कहा कि हमने झरिया को हर पल बचाने की कोशिश की है। हर परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार देश में इकलौती सरकार है जिसने महिलाओं और बच्चियों के बारे में सोचा और साबित्रीबाई फूले छात्रवृति, मंईयां सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन की सुविधा दी। कहा कि जनता फिर से महागठबंधन की सरकार बनाएगी। इस मौके पर अतीक अंसारी, इफ्तेकार अंसारी, रानी खातून, शेख अमजद, मनोज महतो, खेमलाल महतो, डॉ. एस के मल्लिक, सुरेंद्र पासवान, पिंकी देवी, गुलशन सरकार, हाजी मजहर इमाम, अहमद वारसी, खुर्शीद अंसारी व वसीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# हार्ट अटैक से धनबाद के जिला जज सुजीत सिंह का निधन, शोक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला और सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह (54) का रविवार को निधन हो गया। वह अशर्फी अस्पताल में इलाजरत थे। जानकारी के मुताबिक दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ है। बता दें कि जिला व सत्र न्यायाधीश बिहार के मोतिहारी जिले के मूल निवासी थे। उनका जन्म 15 मार्च 1970 को हुआ था। जज सुजीत सिंह के आकस्मिक निधन से कोर्ट परिसर में शोक की लहर है। न्यायालय के वरिष्ठ वकीलों ने भी सुजीत कुमार सिंह के निधन पर शोक जताया है।

## कुमार कौशल ने जनसंपर्क कर मतदान की अपील की



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी कुमार कौशल ने रविवार को धैया, रानीबांध, सिटी सेंटर, धीरेंद्रपुरम और भुईफोड़ मंदिर के आसपास, सीएमपीएफ कॉलोनी, अमन ग्रीन अपार्टमेंट समेत विभिन्न स्थानों में जनसंपर्क चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान गुजराती टाइल्स के मालिक दया भाई पटेल, शांतनु कुमार पासवान, कलवार समाज के उपाध्यक्ष जय हिंद भगत, रमेश प्रसाद, एके सिंह, नंदकिशोर प्रसाद, उमेश प्रसाद से मुलाकात कर अपने पक्ष में वोट मांगा। ठाकुर कुली के चंदन कुमार के आवास पहुंचकर उनके पिता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और पूरे परिवार को सांत्वना दी। इस असर पर जनसंपर्क अभियान में पटेल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक दामोदर प्रसाद, ओबीसी के महासचिव गोपाल यादव, राजू कुमार ने कुमार कौशल के पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

## मारवाड़ी महिला समिति ने मनाया रानी सती दादी का महोत्सव



**झरिया (आजाद सिपाही)।** रानी सती मंदिर में रविवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी को रानी सती दादी का जन्मोत्सव मारवाड़ी महिला समिति ने मनाया। इसके लिए मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। इस दौरान भजनों की श्रृंखला के बीच श्रद्धालुओं की उपस्थिति में केक काटा गया। भजन गायिका सरोज शर्मा एवं सरिता जलूका ने अपने भजनों से मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में झरिया की पूर्व विधायक कुंती देवी, उनकी पुत्री किरण सिंह, सिद्धार्थ मिनी गौतम और गुड्डी सिंह भी शामिल हुई। इस दौरान महिला समिति की सदस्याओं ने झरिया में भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को अपना समर्थन देने की बात कही। वहीं, पूर्व विधायक कुंती सिंह ने कहा की रानी सती दादी के पास प्रार्थना लेकर आई थी। दादी उनकी मनोकामना पूर्ण करेंगी ऐसा विश्वास है।

## एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी के पक्ष में निकली बाइक रैली, चला जनसंपर्क

# विकास देखकर जनता देगी आशीर्वाद : डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** विधायक सह एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो के समर्थन में रविवार को चंडीपुर, जम्हार, मधुकर पुर, पारटांड़, कुरको व मंजूरा सहित कई क्षेत्रों में बाइक रैली निकाली गयी। साथ ही पदयात्रा कर जनसंपर्क भी किया गया। इस दौरान डॉ लंबोदर महतो का जगह-जगह लोगों ने स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि हर एक गांव, टोला, मोहल्ला व हर एक गली में जनता का अपार स्नेह एवं प्यार मिल रहा है। हमारे विकास कार्यों को लोगों ने देखा व समझा है। समाज के हर वर्ग इसकी सरहाना कर रहे हैं। लोगों की सेवा में 24 घंटे तक पर रहता हूं। हमें लोग अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। हमने विकास के रफ्तार को बढ़ाया है। पुनः जनता अपना आशीर्वाद हमें देगी। एनडीए क्षेत्र के युवाओं के पलायन उन्हें क्षेत्र में रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, नाली, गली, शिक्षा व स्वास्थ्य समेत जनता की हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता है। इस जनसंपर्क में अमरदीप महाराज, मधुसूदन झा, नरेंद्र महतो विनोद महतो सफल रविदास दिलीप महतो, हेमंत महतो, संतोष महतो प्रमोद महतो विशाल कुमार व राहुल स्वर्णकार आदि शामिल हुए।

## पिछरी में कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधानसभा अंतर्गत पिछरी पंचायत प्योर ढोरी मोड़ पर कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि कमलेश प्रसाद, परवेज अख्तर, सबीर अंसारी, प्रकाश मिश्रा, विरंची मिश्रा एवं गणेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि एक-दूसरे से तालमेल बनाकर काम करें। एक-एक गांव व घरों में जाकर विधायक अनूप सिंह और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताए।


**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name & address of candidate : **KAMLESH KUMAR YADAV,** Village- Belaudar Po.- Kurhat, Kataiya, PS.- Hariharganj Dist.- Palamu (Jharkhand)

Name of Political Party: **SAMAJWADI PARTY**

*(Independent candidates should write "independent" here*

Name of Election : **ASSEMBLY ELECTION JHARKHAND, 2024**

Name of Constituency : **79- HUSSIANABAD**

**I KAMLESH KUMAR YADAV** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL | NIL | NIL |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-

KAMLESH KUMAR YADAV

SAMAJWADI PARTY

ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND

**Format C-1**

**Declaration about criminal case**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name & address of candidate : **OM PRAKASH KUMAR,** Village- Tendua Kala PS.- Hariharganj Dist.- Palamu (Jharkhand)

Name of Political Party: **INDEPENDENT**

*(Independent candidates should write "independent" here*

Name of Election : **ASSEMBLY ELECTION JHARKHAND, 2024**

Name of Constituency : **79- HUSSIANABAD**

**I OM PRAKASH KUMAR** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL | NIL | NIL |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-

OM PRAKASH KUMAR

INDEPENDENT

ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND

# किट की छात्रा तृष्णा रे ने जीता मिस टीन यूनिवर्स 2024 का ताज



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** यह गर्व और खुशी की बात है कि भुवनेश्वर में किट की छात्रा तृष्णा रे को मिस टीन यूनिवर्स 2024 का ताज पहनाया गया है। तृष्णा रे कर्नल डीके रे और राजश्री रे की बेटी हैं और किट स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की छात्रा हैं। इस बीच, तृष्णा को उसकी सफलता के लिए बधाईयों का तांता लगा हुआ है। उसके माता-पिता भी उसकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने भी तृष्णा रे को मिस टीन यूनिवर्स 2024 का खिताब मिलने पर बधाई दी और जीवन में उनकी इसी तरह की सफलता की कामना की।




## भारतीय नौसेना का परिचालन प्रदर्शन 4 को



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय नौसेना इस वर्ष नौसेना दिवस (4 दिसंबर) के अवसर पर ओड़िशा के पुरी स्थित ब्लू फ्लैग बीच पर आयोजित 'परिचालन प्रदर्शन' (ऑपरेशनल डेमो) में अपनी दुर्जेय समुद्री क्षमताओं और नौसैन्य गतिविधियों के माध्यम से शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बनने हेतु अपनी सहमति दे दी है। यह कार्यक्रम नौसेना की बहुमुखी क्षमताओं को उजागर करता है। नागरिकों के अंदर समुद्र से संबंधित जागरूकता बढ़ाता है और भारत की समृद्ध सागरीय विरासत के प्रति सम्मान प्रकट करता है। प्राचीन ब्लू फ्लैग समुद्र तट की पृष्ठभूमि में आयोजित होने वाला 2024 का ऑपरेशनल डेमो भारतीय नौसेना और ओडिशा राज्य की समुद्री विरासत के बीच संबंध का प्रतीक है। भारतीय नौसेना इस आयोजन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए ओड़िशा राज्य सरकार और स्थानीय प्राधिकारियों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। इस आयोजन में स्थानीय दर्शकों और पर्यटकों के लिए बैठने की व्यवस्था की जायेगी, जिससे सभी को समुद्र तट से सजीव प्रदर्शन देखने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय टेलीविजन पर सीधा प्रसारण भी किया जायेगा और अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुंचने के लिए इसे भारतीय नौसेना के यूट्यूब चैनल पर भी प्रसारित किया जायेगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**